
# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 18 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –283 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00

■ 2424 के चुनावों को...
■ उठ रही है वृहदनागालिम... 04
■ रिश्वतखोरी से गई 65 मासूमों की जान...
■ जब बीच सड़क पर आ धमका तेंदुआ तो ... 09
■ चुनावी वर्ष में गेहूं की कीमतों में उछाल ने...
■ शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम 11
■ आयरलैंड से पहला टी-20...
■ भारतीय मेन्स टीम ने... 10



## सपना सच होने के करीब

### दो हिस्सों में हुआ चंद्रयान-3, प्रोपल्शन मॉड्यूल लैंडर-रोवर से हुआ अलग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चांद पर साफ्ट लेंडिंग का सपना सच होने के बिलकुल करीब पहुंच गया है। गुरूवार को दोपहर 1 बजकर 8 मिनट पर चंद्रयान-3 दो हिस्सों में बंट गया है और इसका प्रोपल्शन, लैंडर कामयाबी से अलग-अलग हो गया है। इसरो और देश के लिए यह काफी अहम पल हैं क्योंकि इसके बाद ही अब लैंडर के चांद पर लैंड करने की प्रक्रिया शुरू होगी और अगले एक हफ्ते तक सफलता के लिए हर किसी को इंतजार रहेगा।

**अब 23 अगस्त पर निगाहें**

चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को चांद के सतह पर उतरने की आखिरी 100 किलोमीटर की यात्रा अब खुद करनी है। उसे अपने इंजनों यानी थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करके अपनी गति धीमी करनी है। इसके साथ ही साथ ही ऊंचाई भी कम करनी है। वहीं अब से कुछ देर पहले विक्रम लैंडर अपने प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया।

**कैसे अलग हुआ प्रोपल्शन और लैंडर?**-गौरतलब है कि, चंद्रयान-3 की लैंडिंग 23 अगस्त को होनी है लेकिन उससे पहले आज का दिन काफी अहम रहा है। इसरो के मुताबिक, आज जहां चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन और लैंडर अलग हुआ हैं। ऐसी स्थिति में गुरूवार को दोनों चांद की कक्षा के 100-100 किमी रेंज में रहे। अब दोनों को कुछ दूरी पर रखा जाएगा ताकि इनमें टक्कर ना हो पाए। वहीं जब लैंडर अलग होने के बाद वह अंडाकार >>शेष पृष्ठ 2 पर

**विधानसभा चुनाव-2024**

# उम्मीदवारों की घोषणा में भाजपा ने बाजी मारी

## मध्यप्रदेश की 39 और छत्तीसगढ़ की 21 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली/ भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के बीच प्रत्याशियों की घोषणा में भाजपा ने बाजी मार ली है और मध्यप्रदेश की 39 तथा छत्तीसगढ़ के 21 उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।



ये वही सीटें हैं जिनपर पिछले चुनाव में भाजपा को शिकस्त मिली थी। दोनों राज्यों में इस साल ही चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव के एलान से पहले ही पहली सूची की घोषणा कर भाजपा ने अपनी आक्रामक रणनीति का संकेत दिया है। इससे पहले भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बुधवार को नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में आयोजित हुई थी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने बैठक के दौरान विचार-विमर्श में भाग लिया था।

देर रात तक चली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हुए थे। इस दौरान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की चुनाव तैयारियों का जायजा लिया गया था। सीईसी सदस्यों ने आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की तैयारियों की समीक्षा भी की थी। >>शेष पृष्ठ 2 पर




**जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर और बरगी से नीरज ठाकुर**

### हारी हुई सीटों पर किया ऐलान

सरला विरेंद्र रावत-**सबलगढ़**,अदल सिंह कंसाना-**सुमावली**, लाल सिंह आय-**गोहद**, प्रीतम लोधी-**पिछोर**, प्रियंका मीणा-**चाचौड़ा**, जगन्नाथ रघुवंशी-**चंदेरी**, वीरेंद्र सिंह लंबरदार-**बंडा**, कामाख्या प्रसाद सिंह-**महाराजपुर**, ललिता यादव-**छतरपुर**,लखन पटेल-**पथरिया**,राजेश कुमार वर्मा-**गुनौर**, सुरेंद्र सिंह गहरवार-**चित्रकूट**, हीरासिंह श्याम-**पुष्पराजगढ़**, धीरेंद्र सिंह-**बड़वारा**, नीरज ठाकुर-**बरगी**, अंचल सोनकर-**जबलपुर पूर्व**, ओमप्रकाश धुर्वे-**शहपुरा**, डॉ. विजय आनंद मरावी-**बिछिया**, भगत सिंह नेताम-**बैहर**, राजकुमार कर्राये-**लांजी**, कमल मर्सकोले-**बरघाट**, महेंद्र सिंह चौहान-**गोटेगांव**, नानाभाऊ मोहोड-**सौंसर**, प्रकाश उइके-**पांढुर्ना**, चंद्रशेखर देशमुख-**मुलताई**, महेंद्र सिंह चौहान-**भैंसदेही**, आलोक शर्मा-**भोपाल उत्तर**, ध्रुव नारायण सिंह-**भोपाल मध्य**, राजेश सोनकर-**सोनकच्छ**, राजकुमार मेव-**महेश्वर**, आत्माराम पटेल-**कसरावद**, नागर सिंह चौहान-**अलीराजपुर**, भानू भूरिया-**झाबुआ**, निर्मला भूरिया-**पेटलावद**, जयदीप पटेल-**कुक्ष**, कालू सिंह ठाकुर-**धरमपुरी**,मधु वर्मा-**राऊ**, ताराचंद गोयल-**तराना**, सतीश मालवीय-**घट्टिया**।

# मध्यप्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं : शिवराज

### 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को सायकिल के लिए सिंगल क्लिक से अंतरित किए 207 करोड़ रुपए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं। हमारा सपना था कि प्रदेश के गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को भी देश-दुनिया के बेहतर स्कूलों जैसे स्कूल उपलब्ध हों।

इन परिवारों के बच्चों की योग्यता कम नहीं हैं, इन्हें अपने आस-पास ही अच्छी शिक्षा के अवसर मिले और वे अपने सपने साकार कर सकें, इस उद्देश्य से ही राज्य सरकार ने सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना की और अब पूरे प्रदेश में इसका क्रियान्वयन जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के प्रदेश में क्रियान्वयन में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। स्कूल शिक्षा हो, महाविद्यालयीन स्तर या विदेश में शिक्षा प्राप्त करनी हो या प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना करना हो राज्य सरकार हर कदम पर विद्यार्थियों के साथ है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल के भेल (बरखेड़ा) में 81 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीएम राइज़ शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन के भूमि पूजन किया।

4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को साइकिल लेने के लिए उनके खातों में 207 करोड़ रूपए सिंगल क्लिक से अंतरित किये तथा विद्यार्थियों से बातचीत की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिलों के विद्यार्थी वर्चुअली जुड़े।



विदिशा के कुरवाई में जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री

### दो दिनी दौरे पर लद्दाख पहुंचे राहुल

**लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचे। यहां पर लेह एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान कहा था कि वह जल्द ही लेह का दौरा करेंगे।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-अब 101 महिला अधिवक्ताओं ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से नफरती भाषण रोकने गुहार लगाई है।
**चुहिया- हां प्रिये**- कोर्ट भी कई बार कड़ी फटकार और सख्त निर्देश दे चुका है लेकिन 'वे' हैं कि मानते ही नहीं...

**कांग्रेस संगठन में किया गया फेरदबल**

# सुरजेवाला को बनाया गया मप्र का प्रभारी, मुकुल वासनिक को गुजरात की जिम्मेदारी

### अजय राय उप्र कांग्रेस अध्यक्ष किए गए नियुक्त

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी संगठन में फेरबदल किया। पार्टी ने रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश के सीनियर ऑब्जर्वर के बाद अब राज्य का ही प्रभारी महासचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है, वहीं मुकुल वासनिक को गुजरात के प्रभारी महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा बृजलाल खाबरी की जगह अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी सुरजेवाला को वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की जगह दी गई तो वहीं वासनिक को राजस्थान कांग्रेस के नेता रघु शर्मा के इस्तीफे देने के बाद प्रभारी महासचिव बनाया गया है।



गुजरात में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद रघु शर्मा ने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था।

इस साल के आखिर में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सुरजेवाला को जिम्मेदारी देना काफी अहम माना जा रहा है। इसके अलावा अगले साल लोकसभा चुनाव है। गुजरात में बीजेपी और कांग्रेस में सीधी टक्कर मानी जाती है। वहीं उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। ऐसे में अजय राय की नियुक्ति भी काफी अहम है। यूपी की वाराणसी सीट से 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राय लड़ चुके हैं।

### हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

**101 महिला अधिवक्ताओं ने चीफ जस्टिस से लगाई गुहार**

## नफरती भाषण, वीडियो बंद करने का दें निर्देश

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली उच्च न्यायालय महिला लॉयर्स फोरम ने नूंह हिंसा के बाद भय का माहौल पैदा कर रहे नफरती भाषण और वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के लिए हरियाणा सरकार को निर्देश देने की उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है।

**चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए लिखा पत्र**

महिला अधिवक्ताओं ने एक पत्र याचिका के माध्यम से हरियाणा सरकार को नफरत फैलाने वाले वीडियो को चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है। याचिका पर 101 महिला अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं, जिसमें उन वीडियो को चिन्हित करने और प्रतिबंध लगाने की >>शेष पृष्ठ 2 पर

## शिमला मंदिर आपदा में मरने वालों की संख्या 14 पर पहुंची

**शिमला, (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में भूस्खलन के कारण मंदिर ढहने की घटना के चौथे दिन गुरुवार को फिर से खोज अभियान शुरू करते हुए बचावकर्मियों ने एक शव बरामद किया। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई।

**प्रोफेसर का मिला शव**

एक अधिकारी ने बताया कि शव हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का है। इसे आपदा स्थल से दो किमी दूर से बरामद किया गया। अधिकारियों को आशंका है कि मिट्टी के ढेर में अभी कम से कम सात लोग और फंसे हो सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि एक शव को छोड़कर सभी की पहचान कर ली गई और उन्हें उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। लोगों के रिश्तेदारों ने उनके ठिकाने के बारे में जानने के लिए स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है।

## राजस्थान : भाजपा ने मेघवाल और पंचारिया को दी बड़ी जिम्मेदारी

**जयपुर।** भाजपा के केंद्रीय आलाकमान ने राजस्थानल के लिए बड़ा ऐलान किया है। भाजपा ने राजस्थान विधान सभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रदेश संकल्प पत्र ( चुनावी घोषणापत्र ) बनाने की अहम जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री और बीकानेर से सांसद अर्जुन राम मेघवाल को सौंपी है।

इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नारायण पंचारिया को प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक घोषित कर दिया है। अर्जुन राम मेघवाल की अध्यक्षता में बनाई गई प्रदेश संकल्प पत्र समिति में पार्टी ने राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवारी एवं किरोड़ी लाल मीणा, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर, राव राजेन्द्र सिंह, सुभाष मेहरिया, प्रभुलाल सैनी और राखी राठौर को सह संयोजक घोषित किया है। वहीं पूर्व सांसद जसवंत विश्नोई सहित प्रदेश के कई अन्य नेताओं को इस समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही नारायण पंचारिया की अध्यक्षता में बनाई गई प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति में पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, ओंकार सिंह लखावत, भजनलाल शर्मा, दामोदर अग्रवाल, सी.एम.मीणा और कन्हैयालाल बैरवाल को सह संयोजक घोषित किया है। राजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रमोद वशिष्ठ, आनंद शर्मा, पंकज गुप्ता और स्नेहा काम्बोज सहित प्रदेश के कई अन्य नेताओं को इस समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

**वसुंधरा इंतजार में**

**वसुंधरा को अभी नहीं दी गई है कोई जिम्मेदारी**-हालांकि इन सब ऐलानों के बीच अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की भूमिका को लेकर अभी तक कुछ स्थिति साफ़ नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि उन्हें कैम्पेन कमिटी का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसके साथ ही पार्टी सितंबर में प्रदेशभर में परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**रिपोर्ट** — **आयुष्मान योजना पर कैग ने किया खुलासा**

# लाभार्थियों को इलाज के लिए करना पड़ा भुगतान

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) पर अपनी ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा किया कि योजना की मंशा के बावजूद लाभार्थियों को इलाज के लिए पैसे का भुगतान करना पड़ा। गौरतलब है कि एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है।

यह लाभार्थियों को सेवाओं के लिए कैशलेस और पेपरलेस सुविधा प्रदान करता है। एबी-पीएमजेएवाई पर हाल ही में संसद में पेश सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट ने कहा, एसएचए (राज्य स्वास्थ्य एजेंसी) और निजी ईएचसीपीएस (पैनलबद्ध स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता) द्वारा हस्ताक्षरित समझौते में कहा गया है कि पीएमजेएवाई लाभार्थियों को पूरी तरह से कैशलेस तरीके से सेवा प्रदान किया गया। अस्पताल में मरीज के प्रवेश के बाद, सभी नैदानिक परीक्षणों, दवाओं, प्रत्यारोपण आदि का खर्च अस्पताल द्वारा वहन किया जाना चाहिए, लेकिन लेखापरीक्षा में ऐसे उदाहरण सामने आया, जहां रोगियों को इलाज के लिए भुगतान करना पड़ा।




**लाभार्थियों को पांच लाख तक का मिलता है स्वास्थ्य कवर**
**75 मरीजों को 6.70 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति अभी बाकी**

हिमाचल प्रदेश में, पांच ईएचसीपी के 50 लाभार्थियों को अपने नैदानिक परीक्षणों का प्रबंधन अन्य अस्पताल/नैदानिक केंद्र से करना पड़ा और परीक्षणों की लागत लाभार्थियों द्वारा वहन की गई। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि जम्मू-कश्मीर में 10 सार्वजनिक ईएचसीपी पर, 459 मरीजों ने शुरुआत में अपनी जेब से 43.27 लाख रुपए का भुगतान किया, बाद में मरीजों को प्रतिपूर्ति की गई। 75 मरीजों को 6.70 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति अभी बाकी है।

सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है, झारखंड में, बीमा कंपनी ने पाया कि लाइफ केयर हॉस्पिटल, गोड्डा के 36 मरीजों ने दवाओं, इंजेक्शन, रक्त आदि की खरीद के लिए भुगतान किया। बीमा कंपनी के अवलोकन के आधार पर एसएचए ने 28 अगस्त, 2020 को अस्पताल को पांच दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। लेकिन अस्पताल ने न तो कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया, न ही उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेघालय में, फरवरी 2019 से मार्च 2021 तक पांच निजी ईएचसीपी में इलाज कराने वाले 19,459 लाभार्थियों में से 13,418 (69 प्रतिशत) को छुट्टी के समय 12.34 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ा।

# देश-विदेश

## मेघालय के नोंगपोह में भूकंप के झटके, 3.4 तीव्रता

**शिलांग।** मेघालय के नोंगपोह में गुरुवार दोपहर को 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के आधिकारिक एक्स हैंडल (ट्विटर) के जरिए जानकारी दी कि भूकंप का केंद्र नोंगपोह से 40 किलोमीटर दूर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। दो दिनों पहले मेघालय के चेरापूंजी के पास 5.4 तीव्रता वाले भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र मेघालय के चेरापूंजी से 49 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में था। इसका केंद्र धरती से 16 किलोमीटर की गहराई में था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लॉन्च किया घातक जंगी जहाज



### ब्रह्मोस-बराक मिसाइलों से होगा लैस

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय नौसेना के लिए नया, आधुनिक और घातक जंगी जहाज लॉन्च किया। इसका नाम है विंध्यगिरी । इसे कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स बना रही है। यह नीलगिरी क्लास का फ्रिगेट है, जो एक स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है।

नीलगिरी क्लास फ्रिगेट्स को मजगांव डॉक और गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स बना रहे हैं। इसके तहत सात जंगी जहाज बनने थे। पांच लॉन्च हो चुके हैं जो इस साल फरवरी 2025 तक भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएंगे। लॉन्च किए गए फ्रिगेट्स के नाम हैं- नीलगिरी, उदयगिरी, तारागिरी, हिमगिरी और दूनागिरी। अब छठां फ्रिगेट विंध्यगिरी लॉन्च होने वाला है। इसका डिस्प्लेसमेंट 6670 टन है।

यह करीब 488.10 फीट लंबा है। इसका बीम 58.7 फीट है। इसमें दो मेन डीजल इंजन लगा है। इसके अलावा 2 जनरल इलेक्ट्रिक के इंजन लगे हैं। यानी यह इलेक्ट्रिक-डीजल युद्धपोत है। जिसकी अधिकतम गति 59 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

**35 अफसरों सहित 226 नौसैनिक हो सकते हैं तैनात**-विंध्यगिरी अगर 52 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से चले तो इसकी रेंज 4600 किलोमीटर रहेगी। अगर 30-33 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले तो यह 10,200 किलोमीटर तक जा सकता है। इसमें इमरजेंसी बचाव या हमला करने के लिए दो बोट्स हैं। इसमें एक साथ 35 अधिकारियों सहित 226 नौसैनिक तैनात हो सकते हैं।

**दो काउंटरमेजर सिस्टम, 32 बराक मिसाइलों से लैस**-विंध्यगिरी में डीआरडीओ द्वारा बनाया गया इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सुइट शक्ति लगा हुआ है। इसके अलावा दो काउंटरमेजर सिस्टम लगे हैं। पहले 4 कवच डेकॉय लॉन्चर्स हैं। 2 एनएसटीएल मारीच टॉरपीडो काउंटरमेजर सिस्टम लगा हुआ है। अगर हथियारों की बात करें तो इसमें एंटी-एयर वॉरफेयर के लिए 4×8 सेल वाले वर्टिकल लॉन्च सिस्टम लगे हैं। यानी इनसे सतह से हवा में मार करने वाली 32 बराक 8ईआर लॉन्च कर सकते हैं। इसके अलावा एंटी-सरफेस वॉरफेयर के लिए 1×8 सेल वाला वर्टिकल लॉन्च सिस्टम लगा है। जिसमें से 8 ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल फायर होंगी। एंटी-सबमरीन वॉरफेयर के नाम पर दो ट्रिपल ट्यूब टॉरपीडो लॉन्चर्स हैं। जिनसे वरुणास्त्र मिसाइल छूटेगी।

**गन नहीं तोपों से लैस है यह युद्धपोत**-इसमें 2 आरबीयू-6000 एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स लगे हैं। यानी यहां से 72 रॉकेट्स दागे जा सकते हैं। इसके अलावा इसमें एक 76 मिलिमीटर की ओटो मेलारा नौसैनिक गन लगी है। दूसरी तरफ 2 एके-630एम सीआईडब्ल्यूएस गन लगी है, जो दुश्मन के जहाज, हेलिकॉप्टर, बोट्स या मिसाइल पर ऑटोमैटिकली हमला करने में सक्षम है।

## सरकार ने बंद किए 52 लाख मोबाइल कनेक्शन

### अश्विनी वैष्णव ने कहा- 67,000 डीलर का नाम काली सूची में डाला

### 10 लाख सिम डीलर हैं और उन्हें पुलिस सत्यापन के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि संचार साथी पोर्टल के लॉन्च के बाद से हमने 52 लाख कनेक्शनों का पता लगकर बंद किया। हमने मोबाइल सिम कार्ड बेचने में लगे 67,000 डीलरों को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया है। वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि धोखाधड़ी रोकने के लिए सरकार ने सिम कार्ड डीलर का पुलिस सत्यापन अनिवार्य कर दिया है।

थोक में कनेक्शन देने का प्रावधान अब बंद कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने 52 लाख मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए हैं। 67,000 डीलर का नाम काली सूची में डाला गया है। मई, 2023 से सिम कार्ड डीलरों के खिलाफ 300 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। वैष्णव ने कहा कि व्हॉट्सएप ने खुद से करीब 66,000 खातों को ब्लॉक कर दिया है जो धोखाधड़ी के कृत्यों में शामिल थे। उन्होंने कहा, अब हमने धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए सिम कार्ड डीलर का पुलिस सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले डीलर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि 10 लाख सिम डीलर हैं और उन्हें पुलिस सत्यापन के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग ने थोक में कनेक्शन देने की सेवा को भी बंद कर दिया है। इसके स्थान पर व्यावसायिक कनेक्शन की एक नई अवधारणा पेश की जाएगी। वैष्णव ने कहा, इसके अलावा व्यवसायों का केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) और सिम लेने वाले व्यक्ति का भी केवाईसी किया जाएगा। केवाईसी के जरिये किसी संस्थान या निवेशक की पहचान और पते को प्रमाणित करने में मदद मिलती है।

---

In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:

**फरहान मसूद कुरैशी**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(RCS A/ 0000584/2023)**

**पूनम नायडू............वादी**

**Vs**

**श्रीमान मंडल रेल प्रबंधक.........प्रतिवादी**

**Process Id- /2023**

**पेशी दि.:-28/08/2023**

**प्रेषिती-( 1 ) आम जनता पता- आम जनता**

यह कि प्रार्थी पूनम नायडू ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट राहत अधिनियम 1963 वास्ते उदघोषणा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ दावा अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट राहत अधिनियम 1963 वास्ते उदघोषणा हेतु की छायाप्रति संलग्न है।**

**कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।**

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 973

---

In The Court of XXII, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:

**विश्वेश्वरी मिश्रा**

**(आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक)**

**(MJC SUC/0000074/2023)**

**श्रीमति दीपशिखा............आवेदक**

**Vs**

**शाखा कार्यालय एलआईसी जीवन बीमा........................अनावेदक**

**Process Id- /2023**

**पेशी दि.:-22/09/2023**

**प्रेषिती-( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.**
**( 2 ) आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति दीपशिखा पता मकान नं. 888 गली नम्बर-18 सदर बाजार केन्ट जबलपुर (मध्यप्रदेश)ने मृतक दिनेश बर्मन निवासी 40 ग्राम मुड़िया, ग्राम पंचायत बरमन की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा क्रमांक-1 सिविक सेन्टर मढ़ाताल जबलपुर (म.प्र.) एवं भारतीय जीवन बीमा निगम मदन महल जबलपुर से बीमा राशि प्रप्ति हेतु राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 सितंबर 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 सितंबर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 10 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।**

**कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।**

**(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)**
**बाइसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 974

---

## कर्नाटक लोकायुक्त ने 48 स्थानों पर की छापेमारी, इंजीनियर और कांस्टेबल समेत कई सरकारी अधिकारियों के आवास पर रेड

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारी गुरुवार (17 अगस्त) को पूरे कर्नाटक में सरकारी अधिकारियों के आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। यह अभियान कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति को लेकर है।

अधिकारियों द्वारा कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करते हुए लोकायुक्त ने पूरे कर्नाटक में 48 स्थानों पर छापेमारी की। सुबह से ही बीदर, धारवाड़, कोडागु, रायचूर, दावणगेरे और चित्रदुर्ग समेत 48 स्थानों पर छापेमारी की गई।

दावणगेरे में बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के एक पूर्व इंजीनियर, बीदर में एक कांस्टेबल और कोडागु में एक उप जिला अधिकारी उन लोगों में शामिल हैं, जिन पर लोकायुक्त ने छापा मारा है। लोकायुक्त अधिकारियों ने मडिकेरी जिले में एक जिला अधिकारी के यहां भी छापा मारा है। मैसूर शहर और जिले के विभिन्न हिस्सों में तलाशी ली गई।

हरंगी जलाशय अधीक्षक अभियंता के आवास,कोडागु में लोकायुक्त ने प्रियापट्टन में एक जिला कलेक्टर के आवास की तलाशी ली है।

## ओडिशा में आकाशीय बिजली का कहर, 24 घंटे में 12 की मौत

**बालासौर।** ओडिशा में पिछले कई दिनों से तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है, यानी कि बारिश से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इस बीच आकाशीय बिजली गिरने की वजह से राज्य में 12 लोगों की मौत हो गई है और 11 घायल बताए जा रहे हैं। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब ओडिशा में आसमानी कहर दिखा हो। हर साल बरसात वक्त ओडिशा में ऐसी ही स्थिति बन जाती है।

बताया जा रहा है कि बालासोर के जलेस्वर में बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई है, मयूरभंज में एक महिला ने जान गंवाई है, भद्रक के खेरांगव में एक की मौत की खबर है। इसी वजह से कुल आंकड़ा 12 तक पहुंच चुका है जो आगे और ज्यादा बढ़ सकता है। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है जहां उनका इलाज जारी है। बड़ी बात ये है कि इस आकाशीय बिजली का शिकार बच्चे भी हो गए हैं, कुछ बच्चों की मौत की खबर भी आई है।



## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय जनपद पंचायत बाबई चीचली जिला नरसिंहपुर

Email:-jpchinar@mp.nic.in फोन-07790-226876

क्रमांक 2062/ज.पं./2023 दिनांक 17/08/2023

**// निविदा //**

जनपद पंचायत चीचली की सामान्य सभा दिनांक 10/08/2023 के निर्णय क्रमांक 05 अनुसार 5 वें वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नानुसार सभा कक्ष के लिये यू सेफ में मीटिंग टेबिल का निर्माण कराया जाना है। जिसमें टेबिल लकड़ी प्लाई सनमाईका का उपयोग किया जावेगा। ड्राईग स्टीमेट कार्यालय समय में लेखा शाखा में या सूचना फलक पर आकर देख सकते हैं।

2. अध्यक्ष कक्ष हेतु 1 टेबिल 12 फुट लम्बी (प्लाई/सनमाईका/लकड़ी)

आपको अपनी निविदा दिनांक 28/08/2923 को सायं 03 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यालय जनपद पंचायत चीचली में प्रस्तुत करें तथा निविदा वर्गफीट में देवें।

1. निविदा वहीं दुकानदार प्रस्तुत करे जिसके पास यह कार्य करने हेतु लायसेंस या रजिस्ट्रेशन हो।

2. किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये कार्यालयीन दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

नोट- निविदा कार्यालय में दिनांक 28/08/2023 को 04 बजे खोली जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत बावई चीचली**

---

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रमांक-1 जबलपुर

निविदा सूचना क्रमांक 14 वर्ष 2023-24 / **टेन्डर लिपिक** जबलपुर, दिनांक 08.08.2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर ऑनलाईन भुगतान कर वेबसाइड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्रं. | ई. टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ईएमडी टेंडर फीस एवं निविदा से संबंधित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2023_PWDRB_297538_1 | मु. उप संभाग क्र. 1 के अंतर्गत मझौली उपखंड के तहत आने वाले मार्गो में ब्रिज कल्वर्ट की मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 2. | 2023_PWDRB_297539_1 | मु. उप संभाग क्र. 1 के अंतर्गत पनागर उपखंड के तहत आने वाले मार्गो में बीटी पेंच रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 3. | 2023_PWDRB_297540_1 | म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर में विभिन्न कार्य। | प्रथम | 12.00 | 24000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 4. | 2023_PWDRB_297541_1 | म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के ए डी एम ब्लाक में विभिन्न सिविल कार्य। | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 5. | 2023_PWDRB_297543_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले आयुर्वेदिक कालेज में हाल का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 6.43 | 13000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 6. | 2023_PWDRB_297544_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले कलेक्टर बंगलों में मरम्मत का कार्य एवं अन्य कार्य। | द्वितीय | 19.50 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 7. | 2023_PWDRB_297545_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले व्ही व्ही आई पी बंगलों में मरम्मत का कार्य | द्वितीय | 18.70 | 37500.00 | 2000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| 8. | 2023_PWDRB_297546_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत सिटी सैक्शन के तहत आने वाले बंगलों में मरम्मत/रिपेयरिंग/ नवीनीकरण का कार्य | द्वितीय | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| 9. | 2023_PWDRB_297548_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले बंगलों में नाली निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य | द्वितीय | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| 10. | 2023_PWDRB_297549_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत कटंगा उपखंड के अंतर्गत आने वाले भवनों में दरवाजे खिड़की बदलने का कार्य एवं अन्य कार्य। | द्वितीय | 19.20 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| 11. | 2023_PWDRB_297550_1 | मार्ग उप संभाग के अंतर्गत नारायण धाम से कुटरागुंडी लम्बाई 4.00 कि.मी. गाडरखेड़ा पहुंच मार्ग लम्बाई 1.80 कि.मी. | प्रथम | 55.84 | 55840.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| 12. | 2023_PWDRB_297563_1 | मार्ग उप संभाग के अंतर्गत सलैया संजारी मार्ग, गाडरखेड़ा पहुंच मार्ग कुंडम सलांडी मार्ग कुल लम्बाई 6.10 कि.मी. | प्रथम | 65.59 | 65590.00 | 10000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| 13. | 2023_PWDRB_297775_1 | मु. उप संभाग क्र. 1 जबलपुर के तहत कटंगी सेक्शन के अंतर्गत आने वाले आवासीय/ गैर आवासीय भवनों में मरम्मत, रेनोवेशन का कार्य | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| | | कुल योग | | 267.06 | | | | |

टीपः - (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26.08.2023, 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियां एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाइन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग क्रमांक 1 जबलपुर**

G-18427/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सपना सच होने के....

तरीके से चंद्रमा की कक्षा में घूम रहा है और क्रमशः अपनी गति को धीमा करता जाएगा, धीरे-धीरे यह चांद की ओर बढ़ेगा। अभी चंद्रयान एक ऐसी गोलाकार ऑर्बिट में घूम रहा था कि, जिसमें उसकी चंद्रमा से सबसे कम दूरी 153 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 163 किलोमीटर थी। **चंद्रयान-3 से जुड़ी अहम क्रोनोलॉजी -** 14 जुलाई 2023= चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च, 1 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा से हुआ बाहर, 5 अगस्त 2023- चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की कक्षा में किया प्रवेश,16 अगस्त 2023- चांद की कक्षा में आखिरी मैन्युवर हुआ पूरा, 17 अगस्त 2023- प्रोपल्शन और लैंडर लैंडिंग से पहले हुए अलग।

**5 अगस्त को ही चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचा था चंद्रयान-3**-करीब 22 दिन के अपने लंबे और जटिल सफर के बाद चंद्रयान बीते 5 अगस्त को शाम करीब 7.15 बजे चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था। तब यान चंद्रमा की ग्रैविटी में पहुंच सके, जिसके चलते उसकी स्पीड को थोड़ी कम की गई थी।

**चंद्रयान-3 के प्रमुख टारगेट**-गौरतलब है कि, चंद्रयान-3 मिशन के 3 महत्वपूर्ण सीक्वेंस पहले से ही तय हैं। इसमें पहल जरुरी पार्ट धरती पर केंद्रित है, दूसरा चांद के रास्ते और तीसरा सीधे और सहीं तरीके से चांद पर पहुंचना। इन तीनों स्टेज के पूरा होते ही लैंडर प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हुआ। इसके बाद लैंडर चांद की सतह पर उतरने की अपनी जटिल और जरुरी वैज्ञानिक प्रक्रिया शुरू करेगा। वहीं अगर भारत इसमें कामयाब हो जाता है तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद वह दुनिया का चौथा देश बन जाएगा, जो चांद की सतह पर पहुंच पाया है।

### उम्मीदवारों की घोषणा में....

भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 21 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं जो इस प्रकार हैं-भूलन सिंह मरावी -प्रेमनगर, लक्ष्मी राजवाड़े-भटगांव, शकुंतला सिंह पोर्थे-प्रतापपुर (अजजा), रामविचार नेताम-रामानुजगंज (अजजा), प्रबोज भींज-लुन्द्र (अजजा), महेश साहू-खरसिया, हरिश्चन्द्र राठिया-धर्मजागढ़ (अजजा), लखनलाल देवांगन-कोरबा, प्रणव कुमार मरपच्ची-मरवाही (अजजा), सरला कोसरिया-सरायपाली (अजा), अलका चंद्राकर-खल्लारीख इन्द्रकुमार साहू-अभानपुर, रोहित साहू-राजिम, श्रवण मरकाम-सिहावा (अजजा), देवलाल हलवा ठाकुर -दौंडी लोहारा (अजजा), विजय बघेल, सांसद-पाटन, विक्रांत सिंह-खैरागढ़, मनिराम कश्यप-बस्तर (अजजा), संजीव साहा-मोहला मानपुर (अजजा),आशाराम नेताम- क ा ं क े र (अजजा),गीता घासी साहू-खुज्जी।

### नफरती भाषण.....

गुहार लगाई गई है। ऐसे वीडियो पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है जो कथित तौर पर किसी भी समुदाय, पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचाने या आर्थिक बहिष्कार का आग्रह करने की धमकी देते हैं। याचिका में कहा गया है कि उन्होंने महिला, मां और न्यायालय के कामकाज से जुड़े होने के नाते हम सांप्रदायिक सद्भाव, कानून के शासन और जिम्मेदारी की भावना के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता महसूस करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि हरियाणा के नूंह क्षेत्र में हुई हालिया घटनाओं के मद्देनजर सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले भाषण और लक्षित हिंसा भड़काने वाले वीडियो सामने आने से गंभीर चिंता पैदा हो गई है, जो समाज में शांति और सद्भाव को बाधित कर रहे हैं।

महिला वकीलों ने अपनी पत्र याचिका में कहा, हम, दिल्ली और गुड़गांव में रहने वाले कानूनी समुदाय और दिल्ली उच्च न्यायालय महिला वकील फोरम के सदस्यों के रूप में इस पत्र याचिका के माध्यम से आपके संज्ञान में इस तथ्य को लाने के लिए आपके आधिपत्य से संपर्क किया है कि नफरत भरे भाषण वाले वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। याचिका में उच्चतम न्यायालय की ओर से बार-बार जारी किए गए निर्देशों का उल्लंघन करते हुए नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने के लिए निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।



### नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया म.प्र.




**की ओर से नववर्ष एवं 76 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकानायें**

**नागरिक अपील**

**विकास की ओर निरंतर अग्रसर नगर परिषद की सफलता में आपका सहयोग ही हमारे लिये सम्बल है**

⊙ नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान करें। ⊙ जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहायें। ⊙ जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करायें। ⊙ घर का कचरा यहां-वहां न फेंके, कचरा वाहन में ही डालें। ⊙ सूखा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक कर रखें एवं कचरा गाड़ी के सूखा एवं गीला कचरा कंटेनर में ही डालें। ⊙ अपने नगर को स्वच्छ बनाने हेतु शहरवासियों को जागरूक करने में निकाय का सहयोग प्रदान करें।



**नईमउल्ला बेग**
**उपाध्यक्ष**



**किशन सिंह ठाकुर**
**मु.न.पा. अधिकारी**



**कुशल सिंह**
**अध्यक्ष**

**नगर परिषद नौरोजाबाद**

सम्मानीय पार्षद गण - सर्व. श्रीमती रामप्यारी रौतेल, श्रीमती गीता पटेल, श्री सतीलाल बैगा, श्रीमती मां कोल श्री विलोकनाथ दाहिया, श्री सुभाष नारायण सिंह, श्रीमती सावित्री साकेश, श्री नंदलाल चौधरी, श्री कुमार उपाध्याय, श्रीमती इसरत जहां, श्री प्रमोद सिंह (शैल), श्रीमती दीपा प्रजापति, श्री परवत सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला (सांसद प्रतिनिधि)

---

### कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)

ph. 07632-240359 Fax. 07632-241360 mail id- jsdjbgt@mp.gov.in mail id-districtjaibaladhat@gmail.com

क्रमाक 2624/निर्वाह/2023 बालाघाट, दिनांक 14/08/2023

**तृतीय आमंत्रण**

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2023-24**

जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक / 10915 / निर्वाह शाखा / दिनांक 16.06.2023 के द्वारा वर्ष 2023-2024 के लिये जिला जेल बालाघाट में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022 के तहत खण्ड-1 खाद्यान्न सामग्री, खण्ड-2 सब्जी एवं फल, खण्ड-5 विद्युत एवं भवन निर्माण/ मरम्मत सामग्री की तृतीय बार वार्षिक ई-निविदा दिनांक 05/09/2023 को शाम 5.30 बजे तक ऑनलाईन mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशन | 14.08.2023 | mptenders.gov.in |
| निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि निविदा फार्म की कीमत रू. 1000/- प्रतिफार्म ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियाँ में जमा किया जावेगा। | 14.08.2023 को शाम 05.30 बजे | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| प्रीबिड मीटिंग | 22.08.2023 | जिला जेल बालाघाट |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 05.09.2023 को सायंकाल 05.30 बजे तक | mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| दस्तावेज की हार्ड कापी नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 08.09.2023 को शाम 05.30 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट में जमा करावें। |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 11.09.2023 को प्रातः 11.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाइड पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाइट पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है। भोजन व्यवस्था के संचालन में आ रही समस्या के कारण निविदा डालते हेतु 14 दिवस का समय दिया गया है।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**जेल अधीक्षक**
**जिला जेल, बालाघाट (म.प्र.)**

G-18432/23

# देश-प्रदेश

उवाच

## नेहरू की पहचान नाम नहीं, कर्म से है



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया था।

### मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और विशेषज्ञों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

# चिकित्सकों का कार्य सामान्य नौकरी या आजीविका से कहीं बड़ा है : शिवराज



83 शिशु रोग, 76 सर्जन विशेषज्ञों तथा 128 दंत शल्य चिकित्सकों को जारी किए गए नियुक्ति पत्र

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हम और आप मिलकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी स्थिति निर्मित करें कि कोई गरीब और जरूरतमंद इलाज के बिना नहीं रहें। उसका सही उपचार हो और वह स्वस्थ हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में 3 करोड़ 60 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए हैं, हम प्रदेश में आयुष्मान भारत का यूनिवर्सल कव्हरेज करेंगे, जो परिवार आर्थिक रूप से संपन्न हैं उन्हें छोड़कर सभी के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे। जटिल बीमारियों के उपचार पर बहुत अधिक खर्च होता है, लोगों को यह भरोसा देना जरूरी है कि बीमारी के समय सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नवनियुक्त चिकित्सकों और विशेषज्ञों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों से संवाद कर रहे थे।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, अन्य अधिकारी तथा नव नियुक्त विशेषज्ञ व चिकित्सक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज 83 शिशु रोग तथा 76 सर्जन विशेषज्ञों, 128 दंत शल्य चिकित्सकों का नियुक्ति पत्र जारी किए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अंतर्गत सहायक माइक्रो बायोलाजिस्ट पद पर 2, सहायक लोक विश्लेषक के 6 तथा सहायक औषधि विश्लेषक 24 अभ्यार्थियों को भी नियुक्ति पत्र जारी किए गए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नवनियुक्त चिकित्सकों, विशेषज्ञों आदि को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका कार्य सामान्य नौकरी या आजीविका अर्जन से कहीं बड़ा है। आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि लोगों का जीवन बचाने और उन्हें रोगों से मुक्त करने का काम आपके हाथों में है। आप अपने कार्य को इस भावना से संचालित करेंगे तो जीवन में सदैव आनंद और प्रसन्नता बनी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि 925 और चिकित्सकों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया है। शीघ्र ही चिकित्सकों की समस्याओं व अपेक्षाओं पर चर्चा के लिए डॉक्टर्स पंचायत आयोजित की जाएगी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रतीक स्वरूप सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. राजीव कनेरिया, डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार कौल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित्रा वर्शी, डॉ. इंद्रजीत, दंत शल्य चिकित्सक डॉ. शिवानी राय, डॉ. धीरज भईया दुपारे, डॉ. रितु शर्मा, सहायक माइक्रो बायोलॉजिस्ट अंशुल शर्मा, सहायक औषधि विश्लेषक सुश्री ममता और सहायक लोक विश्लेषक सुश्री चंद बैगा को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शेष अभ्यर्थियों को सिंगल क्लिक से डिजिटली नियुक्ति पत्र जारी किए।

#### शीघ्र ही होगी डॉक्टर्स पंचायत

#### मैं राजनीति में नहीं आता तो डॉक्टर ही बनता

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे लिए भी मध्यप्रदेश की जनता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगर मैं राजनीति के क्षेत्र में नहीं आता तो निश्चित रूप से डॉक्टर ही बनता। हम कितने भी बड़े अस्पताल या स्वास्थ्य संस्थान खोल लें, लेकिन इन संस्थाओं की आत्मा आप चिकित्सक ही हैं। कोविड काल में शासकीय चिकित्सालयों और चिकित्सकों द्वारा की गई सेवा का सभी ने सम्मान किया।

#### प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है : डॉ. चौधरी

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। शासकीय चिकित्सालयों के कायाकल्प, पैथॉलॉजी जांचों की व्यवस्था, पर्याप्त बैड की उपलब्धता से प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री डॉ. चौधरी ने नवनियुक्त चिकित्सकों तथा विशेषज्ञों को नवीन उत्तरदायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कुरवाई में जनदर्शन में शामिल हुए मुख्यमंत्री, बोले

## आगासौद में 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कुरवाई और आसपास के विकास के लिए बीना रिफायनरी के साथ ही आगासौद में जल्दी ही 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रो-केमिकल काम्पलेक्स बनाया जाएगा, जो लोगों की जिंदगी बदल देगा। वह आज विदिशा के कुरवाई में जनदर्शन के बाद नागरिकों से संवाद कर रहे थे। साथ ही घोषणा की है कि कुरवाई के सिविल अस्पताल का उन्नयन कर 50 बिस्तर का किया जाएगा। कुरवाई में रानी अवंतीबाई की मूर्ति लगाई जाएगी तथा पठारी में महाविद्यालय खोला जाएगा।

जगह-जगह राखी बांधने से अभिभूत मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राखी के कच्चे धागे का बंधन नहीं यह अटूट और भाई-बहिन का पवित्र रिश्ता है। मैं वचन देता हूं कि बहनों की आखों में आंसू नहीं आने दूंगा, उनकी जिंदगी बदल देंगे। उन्होंने बेटे-बेटियों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े। हायर सेकंडरी स्कूल में टॉप करने वाले एक-एक बेटे और बेटी को 23 अगस्त को स्कूटर और स्कूटी की राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस सरकार द्वारा भरी जा रही है। युवाओं को मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में सीखने के साथ स्टायपेंड दिया जाएगी। साथ ही एक लाख सरकारी नौकरी दी जा रही है और स्व-रोजगार योजनाएं भी संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना उनका संकल्प है। कुछ समय पूर्व ही 22 सौ करोड़ रुपए की राशि किसानों के कर्ज के ब्याज से मुक्ति के लिए जमा की गई है। अब छोटे किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के 6 हजार और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना को 6 हजार रूपये मिलाकर साल में 12 हजार रूपये की राशि मिलेगी। इसके पूर्व उन्होंने 325 करोड़ 68 लाख रुपए की लागत के 25 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कुरवाई में 210 करोड़ 93 लाख की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। वहीं मुख्यमंत्री ने 97 करोड़ 75 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया है। कार्यक्रम के दौरान सांसद राजबहादुर सिंह और विधायक हरिसिंह सप्रे भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# शाह 20 को भोपाल आएंगे

## प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर 20 अगस्त को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वह राजधानी भोपाल में प्रदेश सरकार का 20 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह मंत्री ग्वालियर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को भी सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमित शाह के प्रदेश आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कमलनाथ सरकार के 15 माह को छोड़कर पिछले 20 वर्षों से भाजपा की सरकार ने विकास और गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। उन कामों पर केन्द्रित गरीब कल्याण रिपोर्ट कार्ड को गृह मंत्री श्री शाह भोपाल में जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही श्री शाह विकास और गरीब कल्याण को लेकर प्रत्येक विधानसभा में पहुंचने वाले प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इसके बाद केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ग्वालियर पहुंचेंगे और वृहद कार्यसमिति की चुनावी बैठक को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में होने वाली कार्यसमिति की बैठक को लेकर पार्टी की व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं।

## कांग्रेस ने गठबंधन की रक्षा के लिए तमिलनाडु को छोड़ा पानी



**बेंगलुरु।** पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर सिद्धारमैया सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह कर्नाटक के किसानों के हितों की कीमत पर इंडिया गठबंधन के लिए ऐसा किया गया है।

कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया पर कहा, 'कांग्रेस ने मेकेदातु पदयात्रा का नाटक किया और कर्नाटक के लोगों को बेवकूफ बनाया। अब, पार्टी ने राज्य के हितों की बलि चढ़ाकर कर्नाटक और कन्नडिगा के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया है और इंडिया गठबंधन की खातिर कावेरी नदी से पानी छोड़ा है।' कुमारस्वामी ने तंज कसा, 'अपर्याप्त बारिश के कारण जलाशय नहीं भरे हैं। राज्य के किसानों की फसलों के लिए पानी नहीं है। बेंगलुरु शहर गंभीर पेयजल समस्या का सामना कर रहा है।

## कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक रविवार को प्रत्याशियों को लेकर होगा मंथन



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति की पहली बैठक रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन किया जाएगा, जिसमें प्रत्याशी का चयन के लिए निर्धारित मापदण्ड निर्धारित किए जाएंगे।

बताया जाता है कि जहां कमलनाथ द्वारा स्वयं सर्वे कराया जा रहा है, वहीं पार्टी आलाकमान का भी प्रत्याशी चयन को लेकर सर्वे चल रहा है। इसके अलावा पार्टी के जिला प्रभारी और सह प्रभारियों के साथ ही केन्द्रीय पर्यवेक्षकों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। इन सबके बाद जो सार निकलेगा उसके आधार पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी।

इसी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया की अगुआई वाली कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक भी आयोजित की जा रही है। इस बैठक में विधानसभा चुनाव की रूपरेखा के अनुसार अंचलवार अभियान चलाने के संबंध में चर्चा होगी।

### समिति जुटा रही लोगों से सुझाव, जगह-जगह लगाई जाएंगी पेटियां

# जनता के सुझावों पर भाजपा तैयार करेगी घोषणा पत्र



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों के लिए इस बार भाजपा जनता की राय लेकर घोषणा पत्र तैयार करेगी। इसके लिए गठित घोषणा पत्र समिति ने लोगों से सुझाव जुटाने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए संभागवार बैठकें आयोजित की जा रही हैं, वहीं सुझाव लेने के लिए भाजपा जगह-जगह सुझाव पेटियां लगाएगी। ई-मेल पर भी सुझाव लेने की पार्टी की कार्ययोजना में शामिल है।

भाजपा की घोषणा पत्र समिति ने प्रदेश कार्यालय में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक आयोजित की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, घोषणा पत्र समिति के प्रमुख जयंत मलैया, सह प्रमुख प्रभात झा, दीपक विजयवर्गीय और कविंद्र कियावत सहित अन्य पदाधिकारियों ने भोपाल नर्मदापुरम संभाग की बैठक को संबोधित किया। बैठक में दोनों ही संभागों के सभी जिला महामंत्री और पार्टी के मोर्चा पदाधिकारियों को बुलाया गया।

इसके लिए मोर्चा पदाधिकारियों के लिए लक्ष्य तय किए गए हैं और अलग-अलग वर्ग से किस तरह से सुझाव लिए जा सकते हैं, इसकी कार्ययोजना बनाई गई।

जिलों में सुझाव लेने के लिए जिला महामंत्रियों से विभिन्न माध्यमों के उपयोग के बारे में चर्चा की गई। वहीं घोषणा पत्र समिति के पदाधिकारी शुक्रवार को इंदौर और उज्जैन संभाग की बैठक लेंगे। सुबह उज्जैन संभाग की बैठक ली जाएगी।

## विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली से वापस पटना लौट गए। यहां लौटने के बाद उन्होंने कहा कि उनका दिल्ली में विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था।

नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कुछ निजी कार्य से वे दिल्ली गए थे। उन्होंने कहा कि उनका विपक्षी नेताओं से मुलाकात का कोई कार्यक्रम था ही नहीं। बुधवार को नीतीश जब दिल्ली गये थे तब कहा गया था कि वे वहां अरविंद केजरीवाल के अलावा कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद गुरुवार को नीतीश वापस पटना लौट गए। नीतीश कुमार ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी थी।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बिहार की स्थिति पाकिस्तान से बदतर संबंधित बयान पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कहां आपराधिक घटना घट रही है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Rekha Kumari, पत्नि- Ram Ladete उम्र 42 वर्ष निवासी- ग्राम Nagla Lachman पोस्ट ऑफिस - Garhi तहसील Etah, जिला-Etah राज्य-Uttar Pradesh पिन 207001 मेरे पति का Army No.15667631Y, Rank- Hav, Ram Ladete है तथा जो वर्तमान मे Jabalpur (M.P.) पदस्थ है। मेरे पति के आर्मी रिकार्ड मे मेरा नाम Rekha Devi दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे Rekha Kumari दर्ज है जो सही है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है ।मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम Rekha Devi के स्थान पर मेरा नाम Rekha Kumari दर्ज किया जाकर लिखा पढा जाए जो सही है।

### नाम परिवर्तन

मैं अमित कुमार पाण्डेय पिता मदन पांड़े निवासी- म. नं. 766, निर्मद ट्रेडर्स के बाजू से, कटंगी रोड़, जबलपुर म. प्र. 482001 आधार नं. 5832 3360 3444 है। यह कि उक्त पते पर निवास करता हूँ। मेरे पिता का नाम मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड APIPP1960R में मदन पाण्डेय (MADAN PANDEY) दर्ज है एवं 10वीं, 12वीं एवं महाविद्यालय की अंकसूची में मेरे पिता का नाम मदन कुमार पाण्डेय (MADAN KUMAR PANDEY) दर्ज है। यह कि मदन पाण्डेय (MADAN PANDEY) एवं मदन कुमार पाण्डेय (MADAN KUMAR PANDEY) यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के यानी मेरे पिता के हैं।

**मदन कुमार पाण्डेय (वर्तमान नाम)**

**मदन पाण्डेय (पुराना नाम)**

PARWATI

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/129 दिनांक 17.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री परमजीत सिंह चावला पिता स्व. श्री गुरूबख्श सिंह चावला ने मकान नं. 702 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1378 व.फु. भूतल 700 व.फु. प्रथम तल 700 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ रिलीज डीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै, Sullena Devi पत्नी Roshan Lal उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम - Dharwal Goan पोस्ट ऑफिस Chham, तहसील व जिला Tehri Garhwal, राज्य - Uttarakhand, पिन कोड 249132 मेरे पति का आर्मी नंबर JC389701F, Rank Sub & Hony Lt. Roshan Lal है जो वर्तमान में जिला जबलपुर में पदस्थ हैं मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Sullena Divi दर्ज हो गया है जो कि गलत है में जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Sullena Devi दर्ज है जो कि सही है दोनों एक ही व्यक्ति हैं मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Sullena Divi के स्थान पर मेरा नाम Sullena Devi दर्ज कियाएव लिखा व पढा जाए।

### In The Court of XIV Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer: ज्योत्सना आर्य

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/4300020/2015)
नत्थूलाल गौतेल..............वादी
Vs
जितेन्द्र ठाकुर ............ प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-26/08/2023

प्रेषिती-
(1) राजेन्द्र कुमार गणोरकर पिता विट्ठल गणोरकर पता-1238 एम आर 4 रोड विजय नगर जबलपुर म.प्र. हाल मुकाम शांता माता मंदिर के सामने न्यू रामनगर अमखेरा तह. व जिला जबलपुर म.प्र.
(2) नंद कुमार पाठक पिता स्व. चंद्रभान पाठक पता- हरदौल मंदिर के पास अधारताल जबलपुर म.प्र. हाल मुकाम शांता माता मंदिर के सामने न्यू रामनगर अमखेरा तहसील व जिला जबलपुर मध्यप्रदेश
(3) राकेश कुमार पाठक पिता नंद कुमार पाठक पता- हरदौल मंदिर के पास अधारताल जबलपुर म.प्र. हाल मुकाम शांता माता मंदिर के सामने न्यू रामनगर अमखेरा तहसील व जिला जबलपुर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी नत्थूलाल गौतेल ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 1 नियम 10 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी -प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 1 नियम 10 व्यवहार प्रक्रिया संहिता की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(ज्योत्सना आर्य)**
**चौदहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जबलपुर, (म.प्र.)**
र.नं. 977

### In The Court Of XVI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur Presiding Officer: अरूण प्रताप सिंह

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC GW/0000044/2023)
कु. अंजो देवी ...वादी एवं अन्य
Vs
आम जनता ...प्रतिवादी
Process Id-/ 2023
पेशी दि.:-20/09/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- आम जनता

यह कि प्रार्थी कु. अंजो देवी एवं कु. सरस्वती देवी ने आपके विरूद्ध एमजेसीजेडब्ल्यू आवेदन अंतर्गत संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 धारा 8 हिन्दु अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 17 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 सहपठित धारा 8 हिन्दु अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम 1956 की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(अरूण प्रताप सिंह)**
**जिला न्यायाधीश सोलहवें जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 978

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/131 दिनांक 17.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सलिल पाहूजा पिता श्री पीताम्बर दास पाहूजा ने मकान नं. 2885/23 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 176 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/128 दिनांक 17.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. कीर्ति कुमार जैन पिता श्री विजय कुमार जैन 2. श्री विजय कुमार जैन पिता स्व. श्री बाबूलाल ने मकान नं. 823 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1300+3092 व.फु. प्रथम तल 1000+3092 व.फु. द्वितीय तल 3092 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/133 दिनांक 17.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती साधना ठाकुर पति श्री रंजीत सिंह ठाकुर ने मकान नं. प्लाट-110 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल भूतल 687 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/123 दिनांक 17.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरीश कुमार कुकरेजा पिता स्व. श्री रोचल दास कुकरेजा ने मकान नं. 2897 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 462 व.फु. बेसमेंट- 880 व.फु. दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/132 दिनांक 17.08.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सलिल पाहूजा पिता श्री पीताम्बर दास पाहूजा ने मकान नं. 2885 चेम्बर नं. 24 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 176 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम
### इकाई का नाम कलचुरी रेसीडेंसी जबलपुर

फोन नम्बर —
क्रमांक ....2....... दिनांक 17/08/23

**द्वितीय नीलामी सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम होटल कलचुरी रेसीडेंसी जबलपुर के अनुपयोगी सामग्री को नीलाम किया जाना है पूर्व में दिनांक 04/08/23 को नीलामी के संबंध में विज्ञप्ति जारी की गई थी जिसकी नीलामी की तिथि 08/08/23 थी। बोलीकर्ताओं से पर्याप्त बोली प्राप्त न होने के कारण बोली निरस्त कर दी गई थी। तत्पश्चात द्वितीय नीलामी सूचना जारी की जा रही है। निविदा के नियम व शर्तें तथा निविदा फार्म इकाई कल्चुरी रेसीडेंसी जबलपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं एवं जो सामान जिस स्थिति में जहाँ है, वैसे ही नीलाम किया जावेगा एवं नीलामी में समिति का ही निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा तथा नीलामी उपरांत जो भी राशि निर्धारित होगी उसमें 18 प्रतिशत टैक्स अतिरिक्त होगा नीलामी में केवल जीएसडी वेंडर ही सम्मिलित हो सकते हैं जिनके पास जीएसटी नम्बर नहीं है वह इस नीलामी में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे। नीलामी के फार्म दिनांक 22/08/2023 शाम 5.00 बजे तक जमा कर सकते है। साथ ही फार्म के साथ राशि 20000/- (बीस हजार) रूपये का डिमांड ड्राफ्ट जो कि M.P. STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JABALPUR के नाम से देय होगा। सफल निविदाकार के डिमांड ड्राफ्ट की राशि नीलामी उपरांत समायोजन कर दी जावेगी एवं शेष निविदाकारों को राशि रिफंड कर दी जावेगी। नीलामी की तारीख 23/08/23 समय दोपहर 2.00 बजे निर्धारित की गई।

**प्रबंधक, कल्चुरी रेसीडेंसी जबलपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO JC-451934N, RANK- SUB, NAME- HAMID KHAN, UNIT- 20 GRENADIERS R/O VILLAGE- AKERA, POST- AKERA, TEH- NUH, DISTT- NUH (MEWAT), STATE- (HR) PIN- 122107 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम SHDAN दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम SAIDAN है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम SAIDAN को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
गलत नाम- SHDAN
सही नाम- SAIDAN

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2694373N, RANK - HAV, NAME- KISHORE KUMAR, UNIT- 25 GRENADIERS R/O VILLAGE- KOTHISHER, POST- BASANTPUR, TEH-SUNI DISTT- SHIMLA, STATE- (HP) PIN- 171018 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम GITA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम GEETA DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम GEETA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
गलत नाम- GITA DEVI
सही नाम- GEETA DEVI

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी 2694148Y, RANK HAV, NAME- RAMJAN KHAN, UNIT- 14 GRENADIERS निवासी VILLAGE- MORDUNGA, POST- MORDUNGA, TEH- SIKAR, DISTT-SIKAR, STATE- (RAJ) PIN- 332030 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम RAHISHA BANU दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम RAHISHA BANO हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम RAHISHA BANO को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।
गलत नाम - RAHISHA BANU
सही नाम -RAHISHA BANO

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2694269A, RANK - HAV, NAME- VIDHADHAR SINGH, UNIT- DEPOT COY, GRC JABALPUR MP 482001 (20 GRENADIERS) R/O VILLAGE- BHOJASAR CHOTA, POST- BHOJASAR BARA, TEH- LAXMANGARH DISTT- SIKAR, STATE- (RAJ) PIN- 332312 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम BIMLA DEVI एवं मेरी माताजी का नाम MOHINI DEVI एवं मेरे पिताजी का नाम BHAGWAN SINGH दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही नाम VIMALA एवं मेरी माताजी का सही नाम MOHANI DEVI का सही नाम BHAGWANA RAM है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी, मेरी माताजी एवं मेरे पिताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

# मार्बल ज़ोन

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'



## दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश, आंकड़ा 40 इंच से उपर पहुंचा



### उमस भरी गर्मी से राहत, पारा भी कम होने लगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम का मिजाज गुरूवार को बदलने से शाम होते तक झमाझम बारिश हुई। रात में रूक-रूक कर बारिश हो रही थी। करीब दस दिनों तक जबलपुर में बारिश पर ब्रेक लगा था। जिसके बाद फिर से उमस भरी गर्मी और धूप अपना असर दिखाने लगी थी। अब दिन और रात के तापमान में कमी आने लगी है। आगामी चौबीस घंटे में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। अब तक बारिश का आंकड़ा 966.4 मिमी जो इंच में करीब 40 इंच बताया गया है। इस लिहाज से जबलपुर में औसत के करीब बारिश पहुंचने लगी है। यहां पर 45 से 50 इंच के बीच या इससे थोड़ी ज्यादा बारिश होती रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 31.8 और न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से क्रमशः दो से तीन डिग्री कम आंका गया है। बीते साल 32.4 और 23.7 आंका गया था। अभी दक्षिण से पश्चिम की दिशा की ओर चलने वाली हवाएं 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं।

इधर 17 अगस्त को होने वाली बारिश से शहर के कई निचाई वाले स्थानों पर पानी भर गया था, वहीं फ्लाई ओव्हर और ऐसे स्थान जहां की सड़कें अब भी जर्जर हैं वहां पर भी इसी तरह की समस्या व्याप्त है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बहरहाल लोगों ने दूसरे तरफ कई दिनों बाद हुई बारिश से राहत की सांस ली है। दो माह बारिश के शेष हैं, इसलिये बारिश का आंकड़ा बढ़ने की संभावना है।

## प्याज के दाम बढ़कर हुए दोगुने

**जबलपुर,देशबन्धु।** जैसा कि पहले से ही यह अनुमान लगाए जाने लगे थे कि प्याज के दाम बढ़ सकते हैं और कुछ दिन बाद ही प्याज में तेजी का सिलसिला शुरू हो गया है, आलम यह है कि फुटकर में प्याज के दाम बढ़कर दो गुने तक हो गए हैं। फुटकर में 20 रूपये किलो तक बिकने वाली प्याज अब 40 रूपये किलो के ऊंचे भाव पर बिकने लगी है। दूसरी तरफ आलू के दाम 20 रूपये किलो से बढ़कर 30 रूपये किलो तक हो गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि एक तरफ टमाटर की ऊंची कीमतों से परेशान हैं वहीं अब आलू प्याज की कीमतें भी ऊंची होने लगी हैं, जिससे महीने का बजट गड़बड़ाने लगा है उल्लेखनीय है कि क्रिशिल की रिपोर्ट में यह कहा गया था कहा गया था कि अगस्त मांग और सप्लाई का संतूलन बिगड़ने पर अगस्त के अंत में प्याज की कीमतों पर असर दिखने की आशंका है। खुदरा बाजार में सितम्बर की शुरूआत में अच्छी खासी वृद्धि होने की आशंका है और यह 60-70 रूपये किलो तक पहुंच सकती है हालाकि कीमतें 2020 के उच्चतम स्तर से नीचे रहेंगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस साल प्याज का रकबा खरीब सीजन में सलाना आधार पर 5 फीसदी कम होगा, वार्षिक उत्पादन 2.9 करोड़ होने की उम्मीद है। कहा यह भी जा रहा है कि अक्टूबर में खरीफ की नई फसल की आवक शुरू होने पर प्याज की कीमतों में बेहतर सप्लाई के चलते गिरावट देखने को मिल सकती है।



### आलू में भी तेजी

### टमाटर की कीमतें घटी, फुटकर भाव 50-60 रूपये किलो पर

व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक टमाटर की आवक बढ़ने से कीमतों में गिरावट का सिलसिला फिर से शुरू हो गया है। जबकि कुछ दिन पहले गिरावट के बाद टमाटर में पुनः तेजी देखने को मिली थी। फुटकर भाव कुछ दिन पहले 200-240 रूपये से घटकर 60-70 रूपये किलो तक आ गये थे लेकिन एक-दो दिन बाद टमाटर में 10 रूपये किलो की तेजी आ गई जिससे फुटकर भाव 80 रूपये किलो हो गए थे लेकिन आज गुरूवार के दिन टमाटर फुटकर में 50 रूपये से लेकर 60 रूपये किलो के भाव तक बिका।



## एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल चमन श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण

**जबलपुर,देशबन्धु।** एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीटयूशन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीयूशन के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव शामिल हुये, प्रबंधक तुलसीदास द्रविड, धवल श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद अमरचंद बावरिया, विधि महाविद्यालय प्राचार्य निधि शुक्ला, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सोनल खरे, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, उप प्राचार्य मनु श्रीवास्तव सीबीएसई प्राचार्य महेश मोरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरिओम आनंद श्रीवास्तव, आकृति युनूस ने किया व आभार प्रदर्शन सीबीएसई प्राचार्य महेश मोरे ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से सिद्धकी उस्मानी, अम्बिका श्रीवास्तव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नीति तगादुरई, भुवनेश वरी सिंह, रितेश श्रीवास्तव ममता दीक्षित, पुष्पांजली पाठक सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## नवज्योति नशा मुक्ति केन्द्र में कार्यक्रम



**जबलपुर,देशबन्धु।** नवज्योति नशा मुक्ति सहपुर्नवास केन्द्र, अवधपुरी में रोटरी क्लब जबलपुर साउथ अध्यक्ष रवि वैश्य व नर्मदा आरती संयोजक ओंकार दुबे, के आतिथ्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस पर संस्था से हेमंत सोलंकी, डॉ सरकार, नीरज रजक, यश सोलंकी, अशोक ठाकुर, रश्मि सोलंकी, रोटरी क्लब साउथ से रोटे सुनील फाटक, रोटे सोनल केसरवानी, रोटे संतोष जैन, रौटे नवनीत महेश्वरी मौजूद रहे।


## रानी अंवती बाई अदम्य साहस, वीरता व देशभक्ति की प्रतीक हैं- प्रहलाद पटैल



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण व जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने बुधवार को 1857 की क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने वाली वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर धनवंतरी नगर चैक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रृद्वासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के साथ पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, आई जी एन सी ए के न्यासी आलोक जैन, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष भेड़ाघाट चतुर सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ग्रामीण शिव पटैल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नागेष, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह ग्वारी, पूर्व पार्षद तेवर राजकुमार पटेल, प्रबल पटैल, संदीप पटैल, आशीश पटैल, पार्षद राजकुमार पटैल, मनीष अग्रहरि, जनपद अध्यक्ष गोटेगांव आरती सतीष पटैल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार जैन, उमेश लोधी, महेंद्र पटेल, दादूराम पटैल, रूद्र प्रताप सिंह लोधी, एकम सिंह पटैल, वीरेंद्र पटैल, निधान सिंह पटैल, राव हेमराज सिंह, सर्वेश मिश्रा, योगेश चंदेल, राजू पटैल, अर्जुन सिंह लोधी, विपिन लोधी, रामसेवक पटेल, जवाहर सिंह पटेल, किशोरी लोधी, एस एम राजपूत, नारायण सिंह, मुन्ना पटेल, नेतराम पटेल, विजय सिंह, प्रदीप पटेल, अंजनी सोनकर व लोधी समाज के साथ साथ अन्य समाज जनों के द्वारा भी जयंती पर्व पर श्रृद्वा सुमन अर्पित किये।

## किसान कल्यांण तथा कृषि विकास मंत्री पटेल का आगमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के किसान कल्यावण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल का शुक्रवार 18 अगस्त की रात आठ बजे छिंदवाड़ा से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री पटेल अपने जबलपुर प्रवास के दौरान शनिवार 19 अगस्त को सुबह 11 बजे मानस भवन में स्वा. सुभाषचन्द्र बैनजी की प्रतिमा के अनावरण एवं संगोष्ठीर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। किसान कल्यामण एवं कृषि विकास मंत्री श्री पटेल दोपहर 1 बजे मानस भवन से सर्किट हाउस पहुँचेंगे तथा दोपहर दो बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे महाकौशल एक्स प्रेस द्वारा ग्वालियर प्रस्थादन करेंगे।

## शिवाजी महाराज के शौर्य से परिचित कराने पावन खंड दौड़ 19 अगस्त को

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्रीड़ा भारती जाबलिपुरम के तत्वावधान में 19 अगस्त को सुबह 8.30 बजे सिविक सेंटर भारत माता स्तंभ से छत्रपति शिवाजी महाराज के मूर्ति स्थल मदन महल तक पवन खंड दौड़ का आयोजन किया गया है।

जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार ने बताया कि पावन खिंड दौड़ का आयोजन जबलपुर में कई वर्षों से किया जा रहा है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज के सैनिक जब मुगलों से लड़ रहे थे तो उनके पास भोजन सामग्री और रसद उपलब्ध नहीं थी कोल्हापुर के पंधाना नामक किले से 60 किलोमीटर दूर विशालगढ़ के किले पर पहुंचने के लिए और अपने राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को बचाने के लिए सैनिकों ने युक्ति लगे जिसमें दो पल के बनाए गए, इसमें एक में खुद शिवाजी और 200 सैनिक थे दूसरी टुकड़ी में एक सैनिक को शिवाजी बनाकर टोली में बाकी सैनिक मुगलों की सेना को रोक रहे थे, पहली टोली ने रात भर में 60 किलोमीटर का सफर दौड़ कर सैनिकों ने शिवाजी महाराज को विशालगढ़ किले तक पहुंचा दिया, दूसरी टुकड़ी के सरदार बाज़ी प्रभु देशपांडे ने अपने 300 सैनिकों के साथ 15000 मुगलों से लड़ कर उनको घोड खिंड में रोके रखा और अंत में शहीद हुए। पत्रकार वार्ता में क्षेत्र संगठन मंत्री भीष्म सिंह राजपूत, म प्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डा. जामदार, विशाल दत्त, मनोज कुशवाह, नीलेश रावल, कमलेश अग्रवाल, वेद प्रकाश शर्मा, विध्येश भापकर, देवेन्द्र शुक्ला सहित क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## लायन्स क्लब जबलपुर सेन्ट्रल द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर लायन्स क्लब सेन्ट्रल द्वारा नवीन विद्या भवन स्कूल एवं लॉ कालेज नेपियर टाउन में लायन अध्यक्ष भारत साह, सचिव लायन गिरीश वर्मा, एवं उपस्थित लायन सदस्यों तथा नवीन विदया भवन के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ तथा बच्चों के उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया।

अपने उदबोधन में लायंस अध्यक्ष भारत साहू एवं लायन सचिव गिरीश वर्मा द्वारा ओजस्वी भाषण दिया गया, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को नमन किया गया इस अवसर लायंस क्लब जबलपुर सेन्ट्रल के सम्मानिय सदस्य भारत अग्रहरी अजय गुप्ता, प्रकाश नेमा, भोला साहू, जितेन्द्र लालन, एमएम नेमा, बीएस लोधी, ज्ञान जायसवाल, कोषाध्यक्ष उमा शंकर सिंह सहित अनेक लायंस सदस्यों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी इस अवसर पर नवीन विदया भवन के अध्यक्ष आरएस अग्रवाल सचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बीएल साहू सभी प्राचार्य गण एवं शाला के समस्त बच्चें एवं महिला शक्ति उपस्थित रही कार्यक्रम के समापन के पश्चात बच्चों को मिष्ठान वितरण लायंस क्लब द्वारा किया गया।




## सुभाष चंद्र बैनर्जी मूर्ति अनावरण 19 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी सिविल लाइन स्थित लोहियापुल में राष्ट्र समर्पित व्यक्तित्व श्रद्धेय सुभाष चंद्र बैनर्जी का मूर्ति अनावरण 19 अगस्त को सुबह 11 बजे और संगोष्ठी मानस भवन में होगी। इस कार्यक्रम में डॉ. स्वामी नरसिंह दास महाराज नर्सिंह पीठाधीश्वर,मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,अध्यक्षता वी. डी. शर्मा भाजपा अध्यक्ष और मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक धर्म नारायण शर्मा रहेंगे एवं पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, सांसद राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल सहित अनेक मीसाबंदी के परिवार प्रचारक संत वृद्ध और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## डॉ. गीता गुईन बनी डायरेक्टर, डॉ. संजय भारती बने डीन



**जबलपुर, देशबन्धु।** डीन पद पर पदस्थ रही डॉ गुईन को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। आज 16 अगस्त को उन्होंने ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज स्थित स्कूल आफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी का डायरेक्टर का पद संभाल लिया। वही डॉक्टर संजय भारती को विभागाध्यक्ष (डीन) नियुक्त किया गया है। जिसके आदेश आज 16 अगस्त को जारी कर दिए गए हैं।

## जिले के 10 हजार 676 विद्यार्थियों के खाते में पहुंची साईकिल की राशि

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यरमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के भेल (बरखेड़ा) में प्रदेश के 4.6 लाख से अधिक विद्यार्थियों को साईकिल लेने के लिए उनके खातों में 207 करोड़ रूपये सिंगल क्लिखक से अंतरित किये। साईकिल के लिये प्रति विद्यार्थी 4 हजार 500 रूपये जारी की गई। इसमें जिले के 10 हजार 676 विद्यार्थी लाभांवित हुये। उक्त विद्यार्थियों में कक्षा छटवीं के 6 हजार 736 तथा कक्षा नवमीं के 3 हजार 940 विद्यार्थी शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान भेल (बरखेड़ा) में 81 करोड़ 12 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सीएम राईज विद्यालय का भूमिपूजन कर कहा कि उनका सपना है कि प्रदेश के गरीब, निम्नन मध्यथम वर्गीय और मध्येम वर्गीय परिवार के बच्चोंं को भी देश दुनिया के बेहतर स्कू लों जैसे स्कू ल उपलब्ध हों। कार्यक्रम के दौरान उन्हौनें विद्यार्थियों से बातचीत भी की। राज्य स्तभरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिलों के विद्यार्थी वर्चुअली जुड़े थे।



## तहसीलदार ऋषभ सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के चेतराम की मढ़िया निवासी भगवान सिंह अवकाश प्राप्त मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर के पुत्र ऋषभ ठाकुर तहसीलदार जो कि रतलाम में हैं पदस्थ हैं।

उन्हें उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्यमंत्री ओपी एस भदौरिया ने स्वाधीनता दिवस के पावन अवसर पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्हें उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## सुदर्शन समाज द्वारा झण्डा दिवस

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्वधीनता दिवस के पावन अवसर अजा संभागीय डोम-डुमार समाज, सुदर्शन समाज के द्वारा रामपुर सेठी नगर स्थित सामाजिक भूमि पर झण्डा रोहण किया गया मुख्य अतिथि सुखदीन कटारे ने मोहन कलसिया की अध्यक्षता में प्रोफेसर सुभाष शर्मा की विशेष उपस्थिति में हरिराम बिरहा, गोविंद तिलंगा, रामनाथ भगत, सुरेन्द्र राठौर प्रसादी बिरहा, आनंद अर्चना बिरहा राजू महतो के विशेष आतिथ्य में झण्डा रोहण किया ।

## स्वच्छता प्रतियोगिता के लिए जिंगल, पोस्टर, शॉर्ट मूवी, स्ट्रीट प्ले गतिविधियों का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 के अंतर्गत बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की जा रही है जो पूर्णता की ओर है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 की प्रतियोगिता में शहर को अव्वल लाने लगातार बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराकर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करते हुए जबलपुर को स्वच्छता के उच्च शिखर का दर्जा प्राप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित गतिविधियों के तहत् नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम सांई विजन की टीम के माध्यम से नागरिकों के साथ ही स्कूल के बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से नगर के विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन अनवरत जारी है जिसमें वार्ड क्रमांक 57 महर्षि महेश योगी वार्ड के फर्स्ट स्टेप प्ले जूनियर स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता मे शाला के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया साथ ही स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। सेग्रिगेशन की जानकारी साफ-सफाई अवस्था में सहयोग की अपील स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार रोजाना आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के तहत् नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम सांई विजन ने विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर नागरिकों के घरों से निकलने वाले कचरे के प्रकारों की जानकारी से अवगत करा कर गीला एवं सूख कचरा डस्टबिन में रखने के लिए नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में प्रथक ही देने की अपील भी की।

**निगम अधिकारियों कर्मचारियों के हितों का रखा जायेगा ध्यान - महापौर** - महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' से कर्मचारी संघों के द्वारा कार्यालय में भेंट की गई तथा एक ज्ञापन सौंपकर पुरानी अधिकारियों कर्मचारियों से संबंधित माँगों को लेकर कार्यवाही सुनिश्चित कराने की माँग की गई। कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों में पं. राम दुबे, कपिल दुबे, राकेश समुन्द्रे, राहुल दुबे, आदि की बात सुनकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने आश्वासन दिया शीघ्र ही पुरानी एवं वर्तमान ज्ञापन के बिन्दुओं पर विचार करते हुए कार्यवाही कराई जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा जायेगा।




### सदन की विशेष बैठक 22 अगस्त को

मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा-30 के तहत् विशेष सम्मिलन की बैठक 22 अगस्त दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

## नृत्यांजलि कला अकादमी ने स्वतंत्रता दिवस पर मनाया वसुधैव कूटुंबकम महोत्सव




**जबलपुर,देशबन्धु।** नृत्यांजलि कला अकादमी भरतनाट्यम् कलावृक्ष गुरुकुल के छात्र छत्राओ ने छात्रों ने आईएमए हॉल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वसुधैव कूटुंबकम महोत्सव को मनाया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवाओं के भीतर एक धरा एक परिवार की की जागरुकता बढ़ाने की कोशिश करी। लगभग 60-70 छात्र छात्राओं ने नृत्य, गायन , वादन एवं चित्रकला का प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम के अतिथिगणों में डा. स्वराज नायक एवं डा. तापसी नागराज रहीं। महोत्सव में देशभक्ति के गीत ने दर्शकों के आंखो में पानी लाए वही नृत्य ने सभी का मन जीता। संगीत में निर्देशन दिया निमिष श्रीवास्तव , चित्रकला में अथर्व नायक ,तबला में ऋषभ भट्ट, नृत्य में कामना नायक एवं अरुक्षा नायक ने दिया। मंच का संचालन अरुक्षा नायक ने किया।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

## जिला पंचायत की सीईओ ने की सर्वशिक्षा अभियान के निर्माण कार्यो की समीक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सर्व शिक्षा अभियान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपयंत्रीवार निर्माण कार्यों की मौजूदा स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा कार्यों की धीमी गति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर शाला भवनों में स्थित मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्था करने की हिदायत भी दी। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक, सहायक यंत्री एवं सभी उपयंत्री उपस्थित थे।

## श्रद्धा भाव से प्रसन्न होते हैं शिव : अशोकानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** निरंतरता और सतत नाम जप के साथ शिव के प्रति पूर्ण समर्पण मृत्यु और काल को भी टाल देते हैं। महाकाल की शरण और पूर्ण श्रृद्धा भक्ति भाव से आराधना करने से शिव धन धान्य समृद्धि सहित अभय वरदान देते हैं उक्त उद्गार स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में व्यासपीठ से श्रीशिव महापुराण के विश्राम दिवस पर कहे।

महाराज जी के सानिध्य में वैदिक आचार्यों के व्दारा शिवार्चन, धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में पूजन अर्चन, पूर्णाहुति, भंडारा प्रसादी में विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष शर्मा,पंडित वेदांत शर्मा , वेदप्रकाश शर्मा , विजय पंजवानी , पप्पू लालवानी , रमेश मंगतानी,उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी, जगदीश दीवान, अभिषेक पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा मुक्ति पर्व दिवस मनाया



**जबलपुर,देशबन्धु।** संपूर्ण भारतवर्ष में जहां 77 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया वहीं निरंकारी जगत ने इस दिन को आत्मिक स्वतंत्रता पर्व के रूप में मनाते हुए 'मुक्ति पर्व' नाम से सम्बोधित किया। इस अवसर पर देशभर में व्याप्त मिशन की सभी शाखाओं में विशेष सत्संग कार्यक्रम आयोजित किए गये एवं दिल्ली के निरंकारी चैक, ग्राउंड नं 8 बुराड़ी रोड में भी 'मुक्ति पर्व' समागम का आयोजन किया गया जिसमें अनेक स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्त सम्मिलित हुए और सभी संतों ने जन जन की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करवाने वाली इन दिव्य विभुतियों के प्रति अपनी भावभीनि श्रंद्धाजलि अर्पित की जिन्होंने मानवता के लिए स्वयं को समर्पित किया। जबलपुर गोल बाजार सत्संग भवन में भी जबलपुर जोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल के सनिध्य में मुक्ति पर्व मनाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु व साध संगत ने सम्मलित होकर मुक्ति पर्व मनाया, मुक्ति पर्व के अवसर पर शहनशाह बाबा अवतार सिंह, जगत माता बुद्धवंती, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर , सतगुरु माता संविदर हरदेव , संतोख सिंह जी एवं अनन्य भक्तों द्वारा मानव को सत्य ज्ञान की दिव्य ज्योति से अवगत करवाने हेतु श्रद्धालुओं द्वारा हृदय से श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।



**जबलपुर, देशबन्धु।** सात अगस्त से 16 अगस्त तक चली शिव महापुराण का अंतिम दिन पर हवन एवं भंडारा प्रसाद आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों की तगात मे लोगों ने भगवान शिव का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया ।

## जन्माष्टमी शोभायात्रा में भागीदारी करेगा सिंधी समाज

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू सिंधु संस्कृति का रूप श्री झूलेलाल मंदिर की झांकियों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में दिखाई देगा। सिंधी समाज उत्सवप्रिय है, पूरे उत्साह उमंग के साथ शोभायात्रा में शामिल होगा। श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की निकलने वाली विशाल शोभा यात्रा के संबंध में श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में मंदिर के अध्यक्ष मोतीलाल पारवानी की अध्यक्षता में सिंधी समाज के संत स्वामी अशोकानंद जी महराज स्वामी प्रदीप जी महाराज व संतों की उपस्थिति में तीसरी बैठक संपन्न हुई। जिसमे आज झूलेलाल मन्दिर बैठक में सिन्धी समाज की ओर से किशनचंद पारवानी, मोतीलाल पारवानी,दिलीप तलरेजा, राजकुमार कंधारी, उमेश पारवानी ,कैलाश वासवानी,जय पारवानी, प्रकाश असवानी, धर्मेन्द्र मंगलानी,पिंटू शिवानी, गोविंद हिरानी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## रानी दुर्गावती संग्रहालय चित्रों में समाहित किया मातृत्व

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती संग्रहालय में मां तुझे प्रणाम थीम पर पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने मातृशक्ति को समर्पित करके इस पेंटिंग में मातृत्व की अनुभूति का बखान किया। इसके साथ ही स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल भारत, नारी शक्ति, आंतरिक्ष मिशन जैसे विषय पर पेंटिंग बनाई गई। इस मौके पर दीपा सोनी, आरती जैन, ममता जैन, अखिलेश्वरी जैन, लक्ष्मीबाई गुप्ता मौजूद थे।

## रस्सी कूद में जिया बचपन रैम्प वॉक में दिखा फैशन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर. किसी ने बचपन की यादों को ताजा किया, तो किसी ने कजरी गायन गाकर सावन उत्सव मनाया। प्रतियोगिताओं का दौर चला तो रस्सी कूद, झूला, चींटी धप जैसे खेलों में बचपन जिया गया। भारतीय पारंपरिक गेम्स, कविताओं के साथ क्विज कॉन्टेस्ट, रैम्प वॉक विद साड़ी और हाउजी गेम्स भी खास रहे। फन एंड जॉय एक्टिविटी का यह आयोजन गोपाल सदन महिला मंडल के आयोजन में नजर आया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

**सावन के गीतों पर थिरकन-** कार्यक्रम में सावन और बचपन के किस्सों को महिलाओं ने साझा किया। बारिश के गीतों पर थिरकन भी हुई। फनी गेम्स में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। रोशनी जायसवाल, शारदा कोष्टा, अर्चना पटेल, नीलम अग्रवाल, निवेदिता चौबे, अंशु तिवारी, रोली रावत, सुनीता राठौर, आशी अग्रवाल, वंदना सेठिया, अरुणा गौतम, नीतू शर्मा, नीतू बाजपेयी, सरिता सोनी, खुशबू अग्रवाल, कामिनी जैन मौजूद रहीं।

## माइनस 17 के तापमान में माउंट एलब्रूस पर लहराया तिरंगा प्लस



**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की शान तिरंगा 15 अगस्त की सुबह 5.30 बजे यूरोप के माउंट एलब्रूस में लहराया। शहर के माउंटेनमैन अंकित सेन ने इस काम को कर संस्कारधानी के साथ समूचे देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने यूरोप के माउंट एलब्रुस चोटी पर तिरंगा फहराया। जिसकी ऊंचाई 5642 मीटर है। इसके पूर्व वे 26 जनवरी 2023 को अफ्रीका के किलिमिंजारो पर भी तिरंगा लहरा चुके हैं।

**माउंट एवरेस्ट है सपना-** अंकित ने बताया कि उनका सपना माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने का है। एलब्रूस की सफलता के बारे में उन्होंने बताया कि 14 अगस्त की रात लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाया, वहां का तापमान माइनस 17 डिग्री था। जैसे-जैसे ऊंचाई पर जा रहे थे, ऑक्सीजन स्तर कम होता जा रहा था। हौसला इतना पक्का था कि हिम्मत नहीं हारी और सफलता प्राप्त की।




## 2 एमपी नेवल यूनिट ऑल इंडिया कैम्प में होगा सिलेक्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कैम्प में नेवल कैडेट्स को ऑल इंडिया कैम्प के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। 2एमपी नेवल यूनिट के दस दिवसीय कैम्प में 144 कैडेट्स शामिल हुए हैं। कैम्प में 36 सिलेक्टेड कैडेटस आगामी ऑल इंडिया एनएससी शिविर में हिस्सा लेंगे। शिविर में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, ब्रिगेडियर नवदीप दाहिया, कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर मयंक पुरी, डिप्टी कैम्प कमांडेंट मेजर एके यादव, ले. कमाण्डर नीरज यादव, ले. कमाण्डर श्रीकांत गर्ग का सहयोग रहा।

## सूर्य कमांड यूनिट उद्यमिता की राह आसान बनाने उपयोगी टिप्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** सूर्या कमांड यूनिट द्वारा व्यवसाय कैसे स्थापित करें विषय पर विभिन्न स्टेशन पर लाइव स्ट्रीम हुआ। संचालन उद्यमी मीना वैद्यनाथन ने किया। उन्होंने बताया कि महिलाएं किस तरह से उद्यमिता की राह चुन सकती हैं। उन्हें बताया गया कि वे हुनर के जरिए भी रोजगार स्थापित कर सकती हैं। इस मौके पर एमबी एरिया, आवा जोनल अध्यक्ष मीता दास मौजूद रहीं।



## हाथों से राखी बनाकर कैदियों को बांधी



**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय मानकुंवर कॉलेज की छात्राओं ने जेल में कैदी भाइयों को राखी बांधी। प्राचार्य डॉ. संध्या चौबे और प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुलेखा मिश्रा ने बताया कि दस सालों ने कॉलेज की छात्राओं द्वारा कैदी भाइयों के लिए राखी तैयार की जाती है। इस मौके पर अधीक्षक अखिलेश तोमर, जेल निरीक्षक अंजू मिश्रा, डॉ. नेहा शाक्य, सविता तिवारी, कपिल नेमा, शिवकुमारी दुबे, पूजा दुबे मौजूद थीं।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 18 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की द्वितीया। नक्षत्र- पू.फा.।**

मेष -आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

वृषभ -आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

मिथुन -दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे। तेजी से बदलते हुए विचार आपको उलझपूर्ण स्थिति में रखेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

कर्क -आज मन में थोड़ी हताशा रह सकती है। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। इगो से किसी की भावनाओं को चोट पहुंचेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। धन खर्च होगा।

सिंह -आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर काम में आगे बढ़ सकेंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी, व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ इगो का टकराव होने की संभावना है। पिता या बुजुर्गों से लाभ प्राप्त होगा।

कन्या -शारीरिक और मानसिक चिंता में रहेंगे। इगो के कारण किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। आकस्मिक धन खर्च होगा। दांपत्यजीवन में परेशानी आ सकती है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य खराब होगा।

तुला -गृहस्थ जीवन में सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। आय वृद्धि का योग है। ऑफिस, व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा। पदोन्नति मिलने के योग हैं। पारिवारिक सदस्य तथा मित्र मंडल के साथ खुश रहेंगे।

वृश्चिक -आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। गृहस्थजीवन में आनंद और संतोष का अनुभव होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। अधिकारियों और बुजुर्गों की कृपादृष्टि रहेगी।

धनु -आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। किसी भी काम को करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। नौकरी- धंधे में तकलीफ और अवरोध उत्पन्न होंगे।

मकर -आज आपके लिए नकारात्मक विचारों से दूर रहने और खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। अचानक धन खर्च होगा। चिकित्सा के पीछे खर्च होने की संभावना है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद बढ़ेंगे।

कुंभ -प्रेम, रोमांस, यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन आपके आज के दिन का एक हिस्सा बनकर रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भोजन करने जाने का अवसर आएगा। उत्तम वस्त्र, आभूषण और वाहन प्राप्ति का योग है।

मीन -दैनिक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव में उग्रता रहेगी। वाणी और व्यवहार में संभलकर काम करें। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

## सफर-ए-उमराह के लिए ज़ायरीन रवाना




**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर से ज़ायरीनो का एक जत्था शनिवार को अज़हरी की रहनुमाई में मुबारक सफर-ए-उमराह के लिए रवाना हुआ. रिश्तेदारों और परिचितों ने फूल माला पहनाकर ज़ायरीनो को विदा किया. उनसे काबा शरीफ में अपने हक में दुआ मांगने की अपील की.

मुबारक सफर पर रवाना होने वाले ज़ायरीनो का इस्तकबाल करने के लिए बड़ी संख्या में लोग मुख्य रेलवे स्टेशन पहुंचे. हाजी ज़मीर रज़वी ने बताया कि ज़ायरीन गरीब रथ एक्सप्रेस से मुम्बई जाएंगे. जहां से 18.08.2023 को जेद्दाह की फ्लाइट पर सवार होंगे.

मक्का - मदीना शरीफ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगेंगे. जायरीनो के जत्थे में शफीक खान , माजिद खान , अय्यूब खान ,मारुफ हन्फी ( कटनी ), अबरार सुल्तान मोहम्मद , नज़ीर मोहम्मद , मंसूर खान वा अन्य शामिल हैं. हाजी ज़मीर रज़वी ने बताया कि हज में लगभग डेढ़ माह का समय लगता है. लेकिन उमराह कर ज़ायरीन 15 दिन में लौट सकते हैं. ज़ायरीनो का इस्तकबाल करने के लिए स्टेशन पहुंचे लोगों में मुफ्ती सय्यद अब्दुर रहमान , मौलाना माहताब आलम, हाफिज़ निज़ामुद्दीन , मुफ्ती फैज़ान रज़ा , तौसीफ खान , रऊफ रज़वी , समीर रज़वी , मसूद गुड्डू नबी, शाहीद हसन , राशिद रज़ा ,जसीम राजा , जावेद ( बिरयानी वाले ) , कलाम मंसूरी , आलम , शोएब , शहज़ाद , मुबीन , गुड्डू , शाहीद ज़ैद ,हमज़ा , राहिम शामिल थे.

## सबको जानने बना समरसता संगठन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समरस एवं समर्थ भारत के लिए सामाजिक समरसता के परिपेक्ष्य में सब सबको जाने-सब सबको माने के उद्देश्य को लेकर समरसता सेवा संगठन का गठन किया गया था। संस्था के गठन के उपरांत इसकी कार्य योजना प्रारंभ 13 अप्रैल 2023 को परम् पूज्य तुलसीपीठाधीश्वर जगत् गुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी की पावन उपस्थिति में उनके करकमलों से हुआ था।

सभी के सकारात्मक सहयोग के चलते समरसता सेवा संगठन द्वारा सतत् जाति समाजों के आराध्य एवं महापुरूषों की जयंती पर विचार गोष्ठियों के माध्यम से उनके दर्शन को सर्व समाज के बीच में पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता को संस्था के अध्यक्ष संदीप जैन ने संबोधित किया। जिसमे महाकौशल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता , मंत्री शंकर नाग्देव, बंगाली क्लब के अध्यक्ष सुब्रत पॉल , सचिव प्रकाश साहा, उज्वल पचौरी उपस्थित थे ।




## वितरण कंपनी के 55 कार्मिक पुरस्कृत

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मैं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों एवं 55 कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनय द्विवेदी, प्रबंध संचालक पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजस्व संग्रहण एवं सीआरपी यू में वृद्धि करने पर बेस्ट सर्किल ओ एंड एम का अवॉर्ड पन्ना सर्किल को तथा बेस्ट डिविजन का अवार्ड संभागीय कार्यालय पन्ना एवं बैढ़न को दिया गया । पुरस्कृत कार्यालयों को शील्ड प्रदान की गई तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, रजत पदक एवं नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी एवं जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## हिन्दू उत्सव समिति द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू उत्सव समिति द्वारा शुक्रवार 18 अगस्त को शाम 7 बजे से मानस भवन सभागार में एक शाम राष्ट के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रभारी कमलेश अग्रवाल ने बताया कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि श्री शशिकांत यादव (देवास) , गजेंद्र सोलंकी (नई दिल्ली) शंभु शिखर (मधुबनी), प्रियांशु गजेंद्र (बाराबंकी), हेमंत पांडे (कानपुर), अमन अक्षर (इंदौर), सुश्री प्रियंका राय (नोयडा), अभय निर्भीक (लखनऊ) राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ करेंगे। हिन्दू उत्सव समिति ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती तेज कौर-** कोष्टा मोहल्ला शारदा चौक मदनमहल निवासी श्री सेवा सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती तेज कौर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हेमलता गुप्ता-** ललित कॉलोनी नेहरू वार्ड निवासी श्री संतोष गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता गुप्ता (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पीके श्रीवास्तव-** एलआईजी 29, धनवंतरी नगर निवासी श्री पीके श्रीवास्तव (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बैकुंठी बाई-** कैलाश नगर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री जवाहर लाल द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती बैकुंठी बाई (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार ठाकुर-** आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री राजकुमार ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई राजपूत-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री श्याम लाल राजूपत की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री संतोष सोनी-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री हुकुमचंद सोनी के पुत्र श्री संतोष सोनी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोर सिंह राजपूत-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री किशोर सिंह राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदय कुमार शुक्ला-** रानीताल लिंक रोड गढ़ा निवासी श्री शंकर प्रसाद शुक्ला के पुत्र श्री उदय कुमार शुक्ला का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जमना बाई खटीक-** तिलहरी निवासी श्री लच्छू प्रसाद खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती जमना बाई खटीक (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दालचंद केवट-** गोरा बाजार केंट हाई स्कूल के सामने निवासी श्री दालचंद केवट (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मानिक लाल सोनकर-** भानतलैया सिंधी कैंप निवासी श्री मानिक लाल सोनकर (82) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमल सोंधिया-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री नरबद सोंधिया के पुत्र श्री कमल सोंधिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नुकराम ऊके-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री नुकराम ऊके (72) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम दुलारे शर्मा-** रांझी गणेशगंज निवासी श्री राम दुलारे शर्मा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# खमरिया के ग्राम गधेरी में युवक की लाठियों से पीटकर हत्या



**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थाना अंतर्गत ग्राम गधेरी में मछली पकडने गए दोस्तों के बीच सब्बल उठाने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें विवाद इतना बढ़ गया कि तीन-चार युवकों ने संदीप नामक युवक को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। संदीप की हत्या की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जिन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस के अनुसार पारस पानी खमरिया में भीकम पटेल अपने खेत में संदीप चौधरी निवासी गधेरी सहित अन्य दोस्तों के साथ मिलकर मछली पकड़ रहे थे। इस दौरान भीकम ने किसी काम के लिए संदीप की सब्बल उठा ली। सब्बल उठाने पर संदीप ने भीकम से विवाद शुरु कर दिया। दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ, तभी भीकम के अन्य साथी आ गए। सभी ने मिलकर संदीप के साथ मारपीट करते हुए लाठी से हमला कर दिया। लाठी के हमले से संदीप के सिर, हाथ, पैर, चेहरे व पीठ में गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई। इधर हमला होते देख मछली पकड़ रहे अन्य युवकों में चीख पुकार व भगदड़ मच गई। संदीप की हत्या की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते परिजनों सहित गांव के कई लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी आ गए, जिन्होंने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरु कर दिया है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर आयकर, आबकारी, नारकोटिक्स, जी.एस.टी., वन विभाग के अधिकारियों के साथ एसपी ने ली बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधान सभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो चुकी है। भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर दी है। प्रदेश में नवम्बर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 के तारतम्य में चुनाव निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिये चुनाव आयोग के निर्देश के परिपालन में आयकर विभाग, आबकारी विभाग, नारकोटिक्स विभाग, जी.एस.टी. विभाग, वन विभाग आदि के साथ मॉड्ल कोड ऑफ कन्डक्ट संबंधी दिशा निर्देशों तथा क्रॉस फंक्शनल प्रशिक्षण गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक मे संयुक्त आयुक्त स्टेट जी.एस.टी. विजेन्द्र कोरी, सहायक आयुक्त आबकारी रविन्द्र मानिक पुरी, सहायक परिवहन अधिकारी पुनीत कुमार श्रीवास्तव, आयकर निरीक्षक उज्जवल दास एवं अजय कुमार व पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी प्रियंका शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा सम्मलित हुये।



## स्वतंत्रता दिवस पर विक्रम सिंह पुरस्कृत

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रमुख (आईएएस) अनय द्विवेदी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में विक्रम सिंह राजपूत (लेखाधिकारी मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड) को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। श्री राजपूत ने चीफ फाइनेंस अफिसर शिशिर तिवारी के नेतृत्व में वित्त एवं लेखा विभाग में सराहनीय कार्य किया है। आप पूर्व विधि अधिकारी एमपीईबी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शहपुरा भिटौनी राजेश सिंह राजपूत के सुपुत्र हैं।



## अंचल सोनकर को भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने पर मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी की



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व ने जो निर्णय पूर्व विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बनाये गये अंचल सोनकर पर भरोसा जताया है। उसमें विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं काफी खुशी की लहर है। अल्पसंख्यक मोर्चे के नगर महामंत्री मुज्जिमल अली के नेतृत्व में छोटी ओमती में मिष्ठान वितरण किया गया एवं जोरदार आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम में नगर महामंत्री मुजम्मिल अली, आजाद अली, संतोष जायसवाल, ऋषि सोनकर, शाहिद अंसारी, अकील अंसारी, रंजीत सिंह ठाकुर, सर्वेश सोनी, चंदन सोनकर, मोहम्मद आबिद सहित बड़ी संख्या में पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेलबाग में कच्ची शराब बेचते युवक पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलबाग थाना अंतर्गत वंशकार मोहल्ला में पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी करते एक युवक को पकड़ा है। जिसके कब्जे से पुलिस ने अधिक मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है। इस संबंध में बेलबाग थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि वंशकार मोहल्ला में पहाड़ी के नीचे एक लड़का अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने की फिराक में है। पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश देकर लड़के को पकड़ लिया। लड़का अपने पास प्लास्टिक के 4 नग डिब्बे रखे दिखा। जिसने अपना नाम आर्यन वंशकार उम्र 18 वर्ष निवासी बंगाली कॉलोनी वंशकार मोहल्ला बेलबाग बताया। पुलिस ने जब डिब्बों की तलाशी तो उसमें लगभग 60 लीटर कच्ची शराब मिली। जिसे जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी आर्यन वंशकार के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## पोईन्स मेन कर्मिचारियों को मिलेगा 2800 ग्रेड पे

**जबलपुर, देशबन्धु।** पॉइन्ट्स मैन कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। लम्बे समय से उपेक्षित पॉइन्ट्स मैन कर्मचारियों को एनएफआईआर/डब्ल्यूसीआर एमएस के संघर्ष के बाद इन कर्मचारियों को सौगात मिलने जा रही है। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा, व संघ प्रवक्ता/संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि एनएफआईआर के महामंत्री डॉ. एम. राघवैय्या ने 15 मई 2023 को रेलवे बोर्ड के सचिव के साथ हुई बैठक में पॉइन्ट्स मेन कर्मचारियों के अपग्रेडेशन का प्रतिशत के निधारण की स्वीकृती मिल गई है।

## पाटन विधानसभा की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को पाटन विधानसभा में सांसद राकेश सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान सांसद ने पाटन विधानसभा की 32 पंचायतों का दौरा किया और विकास कार्यो के लिये लगभग 60 लाख की राशि सांसद निधि से देने की घोषणा की। सांसद ने पाटन विधानसभा की 32 पंचायतो का दौरा किया। जिनमे विकास कार्यो के लिये सांसद निधि से लगभग 60 लाख की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष रानू तिवारी, प्रदेश मंत्री अशीष दुबे,महामंत्री राजेश राय, राजकुमार पटेल, कृष्णशेखर सिंह, उर्मिला दहिया, राजेश ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजमणि बघेल, विनय असाटी, संदीप बजाज, महेंद्र सिंह, मुकेश सेन, नारायण सिंह, भारत सिंह परिहार, डॉ. सुभाष सराफ, रविन्द्र पाठक, रमेश झरिया, चंद्रिका सिंह राजपूत, राजकुमार साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंट विधानसभा में विधायक खेल महोत्सव आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज़ादी के अमृत महोत्सव पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने एवं आगे बढ़ने का अवसर देने के लिये केंट विधानसभा में विधायक खेल महोत्सव का आयोजन आज से 10 सितम्बर तक किया जा रहा है। खेल महोत्सव के प्रथम चरण में फुटबॉल, कब्बडी, क्रिकेट और कुश्ती के टूर्नामेंट आयोजित होंगे। दूसरे चरण में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिये सतोलिया, रस्सा कस्सी, कलाई कुश्ती, साइकिलिंग एवं खो-खो जैसे प्राचीन खेलो का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता को केंट विधायक अशोक रोहाणी ने संबोधित किया। पत्रकारवार्ता में नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, प्रदीप माइकल कपूर, मंडल अध्यक्ष आशीष राव, संजय वर्मा, दामोदर सोनी, गुड्डा केवट, सुंदर जिला मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू, सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा व अन्य उपस्थित थे।



## प्रकृति की गोद को हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण किया गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यू शिक्षा प्रसार एवं समाज कल्याण समिति द्वारा प्रकृति की गोद को हरा भरा रखने व शुद्ध वायु हेतु ग्वारीघाट भटौली में पौधारोपण किया गया, जिसमें आवला, बहेड़ा, हर्रा, आम, जामुन आदि औषधीय व फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें संस्था से हेमंत सोलंकी, रवि रजक, रश्मि सोलंकी, लकी सोनकर, सुरेश पाल, धनराज रघुवंशी, यश सोलंकी, रवि रजक, रश्मि सोलंकी, लकी सोनकर, सुरेश पाल, धनराज रघुवंशी, यश सोलंकी, चिराग सोलंकी, अशोक ठाकुर, डॉ. सरकार, नीरज रजक आदि की उपस्थिति रही।

# सना खान हत्या मामले में आरोपी अमित साहू और उसकी कार लेकर महाराष्ट्र पुलिस रवाना

## आज कोर्ट में करेगी पेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर से नागपुर आयी भाजपा नेत्री सना खान की लाश पुलिस को 15 दिनों के बाद भी नहीं मिल सकी है। नागपुर और जबलपुर की पुलिस लगातार इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर आरोपी को साथ में लेकर हिरन नदी के आसपास तलाश कर रही है लेकिन सफलता कहीं से भी नहीं मिली। 14 अगस्त को महाराष्ट्र पुलिस एक बार फिर अमित साहू को लेकर जबलपुर पहुंची और राजुल अपार्टमेंट सहित हिरण नदी के आसपास सना खान के शव की तलाश की लेकिन अभी तक पता नही चला है। गुरुवार की सुबह महाराष्ट्र पुलिस आरोपी अमित साहू को लेकर नागपुर के लिए रवाना हो गई है।

आरोपी की वह कार भी साथ में पुलिस ले गई हैं, जिस पर वह सना खान के शव को लेकर गोरा बाजार से हिरण नदी तक गया था। बुधवार को नागपुर पुलिस आरोपी अमित साहू को सिवनी के धूमा लेकर गई थी जहां पर की वह सना के शव को नदी में फैंकने के बाद फरारी के दौरान धूमा के जंगल में छिपा हुआ था। यही पर उसने भाजपा नेत्री के कपड़े और पर्स फेके थे। पुलिस ने सना खान का कपड़ों से भरा बैग भी जप्त कर लिया है। इधर एसडीएफ की टीम हिरन नदी में गुरूवार से फिर शव को तलाश करना शुरू कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने बताया कि सना खान की बॉडी की लगातार तलाश की जा रही है, जिसके लिए हम महाराष्ट्र पुलिस का सहयोग भी कर रहे हैं।

हालांकि अभी तक शव को तलाश करने में किसी भी तरह की सफलता नहीं मिली है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही बॉडी तलाश कर ली जाएगी। कमल मौर्य का कहना है कि पूरे केस की इन्वेस्टिगेशन अभी महाराष्ट्र पुलिस कर रही है और समय-समय पर जब कभी वह जबलपुर आती है तो उनका सहयोग भी किया जा रहा है।

## आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 16 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 98 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 3 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 17 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 26 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 154 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 119 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 2 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये एवं 3 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है।

## मारपीट कर प्रताड़ित करने वाले पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाना में गुरूवार को सरिता अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी चिकनी कुआ गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी विवेक अहिरवार निवासी चिकनी कुआं गढ़ा से हुयी थी शादी के 4 माह बाद से ही पति विवेक आये दिन घरेलू बातों को लेकर विवाद कर मारपीट करता था। 16 अगस्त की शाम लगभग 6-30 बजे पति उससे कहने लगे कि तुम मेरी मां के साथ डॉक्टर के पास क्यों नहीं गयी, तो उसने कहा कि आप भी तो खाली हैं आप क्यों नहीं गये तो इसी बात पर पति ने गालीगलौज कर हाथ-मुक्कों से मारपीट कर उसे नाक में चोट पहुंचा दी। जिसके बाद महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## जागरुक क्रिश्चियन मंच ने मदर टेरेसा आश्रम के बच्चों के साथ मनाया स्वंतत्रता दिवस



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जागरूक क्रिश्चियन मंच ने मदर टेरेसा आश्रम के मानसिक एवं शारीरिक रूप से विकलांग/ मंदबुद्धि बच्चों के साथ स्वंतत्रता दिवस त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया। जहां एक तरफ मंच के सदस्यों को बच्चों के बीच जाकर खुशी और आनंद का अनुभव हुआ, वही बच्चों में भी मंच के सदस्यों से मिलने की उत्सुकता के साथ ही बच्चों में खुशी और आनंद साफ झलक रहा था, और परिवार भावना उत्पन्न हुई मंच के सदस्यों ने महसूस किया कि मिशनरीज चैरिटी की सिस्टरस के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि इन्हें अपने परिवार का कोई अनुभव ना होने के बावजूद भी यह ऐसे बच्चों की देखभाल और पोषण करने में सक्षम हैं, वह भी उत्कृष्टता से जिसके लिए वे प्रचुर मात्रा में ईश्वर की कृपा और आशीष के पात्र हैं। जागरूक क्रिश्चियन मंच ने निश्चय किया है कि आने वाले समय में जागरूक क्रिश्चियन मंच सभी धर्म के लोगों के साथ बच्चों एवं बुजुर्गों के आश्रम में जाकर प्रेम और करुणा के साथ मिलकर उनके साथ समय व्यतीत करते हुए हर संभव सेवा कार्य करेंगे। जागरूक क्रिश्चियन मंच के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, क्रिस्टोफर नरोना, फ्रांसिस एंथोनी, क्लेमेंट पायस, फिलिप अंथोनी, रिंकू पीटर, लॉरेंस मार्टिन, अरुण मार्टिन, विवियन मार्टिन , जितेंद्र लाल, विशाल मैथ्यूज, विक्टोरिया दास, ज्योति लाजरस, डेजी डेनियल, डॉ कैरोलीन अब्राहम, डॉ एडलिन अब्राहम, फिलोमिना अब्राहम ,एलिजाबेथ फ्रांसिस, अलीशा मैथ्यूज, मंजू पीटर , एंजेल पीटर , प्रमिला लाल , परी अग्रवाल, राकेश श्रीवास, धनराज पिल्ले, शशि रमन स्वामी, विनोद सिंह, दिनेश गौड़, कुलदीप सिंह, नवनीत सैलानी, विक्की आहूजा, आदि उपस्थित रहे ।

# अवमानना के दोषी पूर्व कलेक्टर व सीईओ की सजा पर फैसला सुरक्षित

### छतरपुर का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने छतरपुर के तत्कालीन कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह और तत्कालीन सीईओं अमर बहादुर सिंह अवमानना का दोषीा करार दिया है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ के समक्ष दोनों अधिकारी गुरुवार को हाजिर हुए। न्यायालय ने सजा के मामले में उभयपक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है।

प्रकरण के अनुसार छतरपुर स्वच्छता मिशन के तहत जिला समन्वयक रचना द्विवेदी को बड़ा मलहरा स्थानांतरित कर दिया गया था। दलील दी गई कि संविदा नियुक्ति में स्थानांतरण करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस मामले में हाईकोर्ट ने 10 जुलाई 2020 को स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट की रोक के बावजूद याचिकाकर्ता को बड़ा मलहरा में ज्वाइनिंग नहीं देने के कारण सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने उक्त अधिकारियों के खिलाफअवमानना याचिका दायर की। मामले में पूर्व सुनवाई पर दोनों अधिकारी हाजिर हुए और उन्होनें बताया कि जवाब प्रस्तुत करने के लिए ओआईसी नियुक्त किया था। जिस पर न्यायालय ने कहा कि अवमानना प्रकरण में संबंधित अवमाननाकर्ता को ही व्यक्तिगत हलफनामे पर जवाबदावा पेश करना होता है। कोर्ट ने कहा कि ओआईसी नियुक्त करके अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। चूंकि कोर्ट का स्थगन आदेश था, इसलिए उक्त अधिकारियों को याचिकाकर्ता की सेवाएं जारी रखने देना चाहिए था। ऐसा नहीं करके उक्त अधिकारियों ने अदालत के आदेश का खुला उल्लंघन किया है। न्यायालय ने दोनों अधिकारियों को अवमानना का दोषी करार देते हुए हाजिर होने के निर्देश दिये थे। गुरुवार को न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डीके त्रिपाठी ने पक्ष रखा।




## अनुकंपा नियुक्ति संबंधी दावे का करो निराकरण

हाईकोर्ट ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि अनुकंपा नियुक्ति की शिकायत 60 दिन में दूर करें। जस्टिस सुज य पाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता डिंडौरी निवासी रविशंकर मार्को की ओर से दायर मामले में कहा गया था कि उसके पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। सेवा के दौरान उनका निधन हो गया। जिस पर अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन किया गया, लेर्किन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में आवेदक की ओर से कहा गया कि विभाग सात वर्ष के विलंब को आधार बनाकर आवेदन पर कार्रवाई से बच रहा है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने मामले का पटाक्षेप करते 60 दिन के भीतर अभ्यावेदन निराकृत करने के निर्देश दिये।

## आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती निर्णय के अधीन

### अनावेदकों को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने तकनीकी कौश ल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत होने वाली आईटी आई प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्तियों की याचिका के अं तिम निर्णय के अधीन रखा है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में अ नावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

यह मामला दीक्षा वर्मा, पूर्ण ना लोन्हारे व शिवम चौरसिया की ओर से दायर किया गया है।

जिसमें कहा गया कि वे आ रक्षित वर्ग के हैं। जिन्होंने मेरि ट मे उच्च स्थान प्राप्त किया। इ सके बावजूद भी उन्हें नियुक्ति यां नहीं दी गई। जबकि याचि काकर्ताओं से कम अंक प्राप्त अभ्यर्थियों को 30 जून 2023 को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गये। इतना ही नहीं अनारक्षित वर्ग में आरक्षित वर्ग के प्रतिभा वान अभ्यर्थियों को चयनित नहीं किया गया।

जिसके कारण आरक्षित वर्ग का कट आफ अंक ओबीसी से निम्न है। हाईकोर्ट ने उक्त तर्कों से सहमत होते हुए समस् त अनावेदकों को नोटिस जार ी करते हुए भर्ती को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन र खने के निर्देश दिये है। याचिक ाकर्ताओं की ओर से अधिवक्त ा रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष र खा।

# सिहोरा जिला बनाया तो स्वागत वर्ना कार्यक्रम का करेंगे बहिष्कार

## दूसरे दिन भी रहा मुकम्मल बंद, जिला मुद्दे पर डर रहे साथ आने से दिग्गज नेता, सिहोरा बंद के दूसरे दिन भड़के नगरवासी

**सिहोरा, देशबन्धु।** दो दिन के बंद को लेकर सिहोरा जिला मुद्दे पर सिहोरा बन्द इस बात का प्रमाण है कि इस बार सिहोरा की जनता सिहोरा को जिला के रूप में देखना चाहती है और हर हाल में अपना हक आपसे लेना चाहती है। अगर माननीय विधायक और मुख्यमंत्री सिहोरा वासियों के इस मंसूबे को अब भी समझ पाने में असफल है तो आने वाले दिनों में इसके गंभीर परिणाम प्रदेश सरकार और माननीय विधायक को अवश्य भोगना होगा। उक्त चेतावनी लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपने अनिश्चितकालीन धरने के दूसरे दिन आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के समक्ष कही।आंदोलन कारियो ने यह भी संकेत दिए कि यदि माननीय मुख्यमंत्री सिहोरा को जिला बनाने का संकेत 25 अगस्त के पूर्व देते है तो उनके सिहोरा आगमन पर पलक पांवड़े बिछाकर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा वरना अब सिहोरावासी उनके कार्यक्रम का बहिष्कार उसी दिन सिहोरा बंद से करेंगे।



**शुक्रवार से पुनः खुल सकेंगे व्यापारिक प्रतिष्ठान**–लक्ष्य सिहोरा संस्थान गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अनिश्चितकालीन सिहोरा बंद को हम आगामी त्योहारों एवं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रदर्शन वापस ले रहे हैं शुक्रवार से नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूर्व स्थिति में खोले जाएंगे जिनके लिए व्यापारियों से बातचीत के बाद लक्ष्य सिहोरा संस्थान सर्वसम्मति से इस निर्णय को मानते हुए सिहोरा बंद का अनिश्चितकालीन आंदोलन वापस लिया है

**गलत प्रचार से आक्रोश**– मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार और उनकी सिहोरा विधायक नंदनी मरावी और स्थानीय भाजपा संगठन हमेशा ही सिहोरा जिला के मुद्दे को अनदेखा करता रहा और यह दुष्प्रचार करता रहा की सिहोरा की जनता सिहोरा का विकास नहीं चाहती।परिणाम यह कि सिहोरा अपने समकक्ष के क्षेत्रों से तो पीछे हुआ ही पीछे के क्षेत्रों से भी बहुत पीछे हो गया।

**अनिश्चितकालीन बंद के स्थान पर भूख हड़ताल**– लक्ष्य आंदोलन समिति ने कल शाम पत्रकार वार्ता आयोजित कर दो दिन के बंद को सफल बनाने के लिए सिहोरा की जनता का सहृदय आभार व्यक्त किया साथ ही घोषणा की जिस उद्देश्य बंद किया गया था वह उद्देश्य पूर्ण हुआ है। अब लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आंदोलन के स्वरूप को बदला जाएगा और आज से क्रमिक भूख हड़ताल जिला बनने तक जारी रहेगी। मुख्यमंत्री के आगामी 25 अगस्त को सिहोरा आगमन पर बात करते हुए समिति ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि 25 अगस्त के पहले सिहोरा के जिला बनने के संकेत प्राप्त होते हैं तो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का पलक पांवड़े बिछाकर सिहोरा में अभूतपूर्व स्वागत अभिनंदन किया जाएगा परंतु यदि पूर्व से चली आ रही मानसिकता सरकार की बनी रही तो जिस दिन मुख्यमंत्री सिहोरा आ रहे हैं उसी दिन एक बार पुनः सिहोरा बंद आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार किया जाएगा।

# पुरुषोत्तम मास का समापन मां रेवा के तट पर पूजन अर्चन



**गोसलपुर, देशबन्धु।** पुरुषोत्तम मास का समापन मां रेवा के तट पर पूजन अर्चन के साथ महिला मंडल के सदस्यों ने तिलवारा घाट पहुंचकर मां नर्मदा की पूजन आरती की इसके पूर्व गोसलपुर के श्री राम मंदिर में 1 माह तक चले पुरुषोत्तम मास की कथा तथा विभिन्न कार्यक्रमों का कल गाजे बाजे के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर हवन पूजन कन्या ब्राम्हण भोज आयोजित किया गया इस अवसर पर पंडित योगेंद्र चतुर्वेदी ने कथा का समापन करते हुए कहा कि 3 वर्ष में आने वाले अधिमास में भगवान शिव का पूजन अभिषेक का स्थान महत्वपूर्ण है इससे मनुष्य को जीवन में सुख और शांति मिलती है आयोजन में प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में गोसलपुर तथा आसपास के क्षेत्रों की महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित रही आयोजन को सफल बनाने में श्री राम मंदिर महिला मंडल का पूर्ण सहयोग रहा।

## सार-समाचार

### ठा. बाल मुकुंद सिंह बने ब्लाक कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष

**पाटन देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा (विधायक सतना) की अनुशंसा पर बाल मुकुंद सिंह ठाकुर को ब्लाक कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग पाटन का अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है। आप पिछड़ा वर्ग विभाग के माध्यम से पार्टी संगठन की मजबूती हेतु सौपे गए दायित्व का निर्वहन करेंगे।



### नेमी कुमार की बारात का किया स्वागत



**पनागर, देशबन्धु।** ब्राह्मी विद्या बालिका मंडल एवं श्री शांतिनाथ महिला परिषद पनागर द्वारा जबलपुर से श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर चातुर्मास कमेटी के तत्वाधान में निकल जा रही नेमी कुमार की बारात का भव्य स्वागत पनागर में किया गया बालिका मंडल के अध्यक्ष कुमारी सुषमा मोदी मानसी मोदी रुचि कटंगा रश्मि सिंघाई पलक मोदी देशना जैन संस्कृति जैन खुशी मोदी सिद्धि चौधरी आयुषी जैन यशिका जैन एवं महिला मंडल की अध्यक्ष समीक्षा चौधरी, रजनी मोदी, अंशुल असगरी,मृदुल असगरी, रक्षा मोदी, मालती मोदी, शालिनी लग्जरी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम कल संपन्न कराने में सभी ने सराहनी सहयोग प्रदान किया।

### शासकीय महाविद्यालय कुंडम की जनभागीदारी समिति की बैठक आज

**कुंडम, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय कुंडम की जनभागीदारी समिति की बैठक दिनांक 18 8 2030 दिन शुक्रवार को 12:00 बजे प्राचार्य कक्ष मैं महाविद्यालय में महाविद्यालय के अध्यक्ष भाई रवि महोबिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई है जिसमें महाविद्यालय के विकास निर्माण पर चर्चा रिक्त पदों को पूर्ति के संबंध में चर्चा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी बैठक में महाविद्यालय समिति के उपाध्यक्ष एसडीएम रघुवीर सिंह मरावी सचिव प्राचार्य डॉक्टर मधुमती नामदेव विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी डॉ राजू साहू सदस्य राधेश्याम साहू अशोक जैन मंडल अध्यक्ष राजेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

### महिला सरपंच ने ग्राम पंचायत बड़खेरी बम्होरी में किया ध्वजारोहण

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** स्थानीय ग्राम पंचायत बडखेरी बम्होरी की सरपंच वंदना शुभम द्विवेदी ने ग्राम पंचायत प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज का पूजन कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर सरपंच श्रीमती वंदना शुभम त्रिवेदी ने ग्राम वासियों से कहा कि हमारे देश की आजादी बहुत ही अमूल्य है अतः हमें एकता व अखंडता बनाए रखना है। कार्यक्रम में उपसरपंच नरेश श्रीपाल किशन तिवारी कमलेश पटेल अज्जू पटेल बाल गोविंद पटेल महेंद्र दहिया आदि उपस्थित रहे द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** तिरंगा लहरायेंगें, देशभक्ति गीत गुनगुनायेंगें, वादा करो इस देश को, दुनिया का सबसे प्यारा देश बनायेंगें। इन्ही भावनाओं को मन मे लिए देशभक्ति से ओतप्रोत होकर यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, अधारताल एवं यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल गोहलपुर में स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य सोनल तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति संगीत एवं नृत्य की शानदार रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिसे करतल ध्वनि से सभी ने सराहा हैं, साथ ही प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय की स्काउट टीम ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह को सलामी दी। उक्त कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

# मेरी मिट्टी मेरा देश, खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित




**पाटन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत पाटन में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम हुआ जिसमे आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे देश में एक साथ आयोजित किया गया उसी क्रम में जनपद पंचायत पाटन में विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर सर्वप्रथम राष्ट्रगीत गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की गई विकास खण्ड की 63 ग्राम पंचायतो से मिट्टी लाई गई। विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रगान किया गया और मिट्टी हाथ मे लेकर संकल्प लिया गया एवं कलश में मिट्टी एकत्रित की गई एवं मिट्टी से भरा कलश नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों को सौपा गया।उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल सहाय श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन के द्वारा की गई। कार्यक्रम में निधि शर्मा,नायब तहसीलदार कटंगी,दीपक पटेल नायब तहसीलदार पाटन, मोहनी पटसारिया परियोजना अधिकारी पाटन,अतुल पाण्डेय,सहायक कार्यक्रम अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र जबलपुर एवं समस्त सचिव, ग्राम रोजगार सहायक आगनवाडी कार्यकर्ता, जनअभियान परिषद के समस्त कर्मचारी, समस्त कार्यालयीन कर्मचारी,अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिहोरा कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण




**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को माल्यार्पण के द्वारा एवं उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके प्रारंभ किया गया।

ध्वजारोहण महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा मोर के द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर नीता तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट की परेड एवं छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के द्वारा हमारे क्षेत्र के खुडावल ग्राम के निवासी एवं शहीद सैनिक स्वर्गीय रामेश्वर पटेल की पत्नी श्रीमती उषा पटेल एवं उनकी पुत्री का सम्मान किया गया। विदित हो की स्वर्गीय श्री रामेश्वर पटेल 19 जून 2016 को जम्मू काश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों का बहादुरी से सामना करते हुए शहीद हुए थे। मुख्य अतिथि महोदय ने छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रसन्न होकर नगद के रूप में पारितोषिक तथा एनसीसी कैडेट्स को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, साथ साथ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड के द्वारा सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया



**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सिहोरा के संयोजन में स्वतंत्रता दिवस बहुत ही उत्साह से मनाया गया जय स्तंभ बस स्टैंड सिहोरा में एवं आजाद चौक सिहोरा मैं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल द्वारा ध्वजारोहण एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी के संदेश का वाचन किया गया तथा झंडा बाजार सिहोरा में एडवोकेट सुबोध पांडे जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ ही नूरी मस्जिद में भी सभी कांग्रेसियों ने मिलकर उत्साह से स्वतंत्रता दिवस मनाया जिसमें गौस भाई आजाद, सुबोध पांडे एडवोकेट, लाल बहादुर पाठक, प्रकाश कुररीया, अमोल चौरसिया,राजेश चौबे पार्षद, बाबा कुरेशी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पाठक, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, पार्षद गणेश दहिया, पूर्व पार्षद विजयंत साहू, घनश्याम बडगइयाँ, ममता गोटिया पार्षद,फैज आलम शाह,शेख साबिर,ललित दुबे, जगदीश सैनी,गिरधर सरावगी, सचिन श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा ठाकुर, जमीला बानो,अविनाश शुक्ला,अनुराग चौरसिया, सुभाष ठाकुर, गुल्लू खान,बिट्टू खान, राजकुमार बिरहा, रफीक भाईजान, डिंपी नोंगरिया, राजेश चक्रवर्ती आदि सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# शाउमा विद्यालय कुशनेर में शान से लहराया तिरंगा



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** समीपी संकुल केंद्र कुशनेर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य जगत सिंह मार्को ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । ध्वजारोहण उपरांत विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत गीत भाषण नृत्य नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। एक लय में नृत्य प्रस्तुत करते हुए छात्र-छात्राएं बड़े ही मनमोहक एवं आकर्षक नजर आए, उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं ग्राम वासियों का मन मोह लिया। छात्र छात्राओं को प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण देने में विद्यालय की श्रीमती अर्चना शुक्ला सरोज चौधरी जीनत रसूल आदि महिला शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर शाला परिवार से श्रीमती ज्योति बोरिया संगीता श्रीवास्तव विभा चौबे, उत्तम मिरी,प्रभा वर्मा विष्णु पटेल लक्ष्मी पटेल आदि ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, मंच का संचालन शिक्षक उत्तम गिरी ने किया।



# ग्राम सिलुआ के सरपंच ने किया ध्वजारोहण

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** समीपी ग्राम पंचायत सिलुआ मैं सरपंच श्री शिव प्रसाद बिरहा ने ध्वजारोहण कर ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी निवासियों से मार्मिक अपील की। की सभी लोग ग्राम के विकास में अपना योगदान देने के साथ ही साथ स्वतंत्रता को अमर बनाए रखने के लिए, इसी तरह भाईचारे और सौहार्द्र से मिलजुल कर रहे। इस अवसर पर सचिव परसराम प्रजापति उपसरपंच जितेंद्र बर्मन जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल ओम प्रकाश पटेल गोविंद यादव पंचगण मेवालाल सुरेंद्र दिनेश राकेश काशीराम सपना रूबी नीतू मीना डॉक्टर देवेंद्र एएनएम रजनी एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के पहरेदार गहरी नींद में सो गए

## बालकृष्ण को गोद मे उठाकर नाचे श्रोता

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** कथा व्यास सिया बल्लभ दास वेदांती महाराज के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास व श्रीकृष्ण जन्म को पात्र अभिनय की प्रस्तुति ने जीवंत बना दिया बुढ़ान सागर नामक तालाब के तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर गांधीग्राम में आयोजित संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा में वासुदेवजी के पात्र ने पीले वस्त्र धारण कर टोकनी में नन्हे बालक को श्रीकृष्ण के रूप में रखकर जब दर्शकों के बीच कथा पंडाल से निकले तो श्रोताओं ने नन्हे श्रीकृष्ण के चरण छूने बेताब हो गये

इस बीच कथा प्रवचनकर्ता सिया वल्लभ दास वेदांती महाराज ने बालकृष्ण पात्र को गोद में उठाकर मंच से ही सबको भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप के दर्शन करा दिए। श्रीमदभागवत कथा प्रवचन में वेदांती महाराज ने कहा की कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान



विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से धूमधाम से कराने के बाद जब उन्हें छोड़ने जा रहा था तभी भविष्यवाणी सुनकर उसकी सारी खुशी काफूर हो गई उसने वासुदेव के अनुनय-विनय के बाद दोनों को कारागार में डाल दिया और एक-एक कर उनके छह बच्चों को मौत के घाट उतार दिया जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए इधर जब कंश बच्चे के रोने की आवाज सुना तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है

**कथा के दौरान कृष्ण जन्म की झांकी देख श्रोता आनंद में झूम उठे**×इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य आरती उत्सव सिया बल्लभ दास वेदांती महाराज के साथ जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, मोहनलाल चौरसिया, नत्थू लाल चौरसिया, राजेश त्रिपाठी,कृष्ण गोपाल पाठक, मनीष त्रिपाठी ,मुकेश असाटी , प्रकाश मिश्रा,शिवदत्त मिश्रा,सुधीश त्रिपाठी ,भूपेंद्र चौरसिया ,नर्मद चौरसिया ,नारायण सिंह ठाकुर, हरिशंकर तिवारी,सहयोगी एवं समस्त भक्तगण ने की संगीतमय भजन से वातावरण भक्तिमय हो गया।

# सीएम राइज स्कूल छपरा करौंदी कुंडम में सिहोरा विधायक ने फहराया झंडा



**कुंडम, देशबन्धु।** सीएम राइज स्कूल छपरा करौंदी कुंडम में सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी के द्वारा झंडा फहराया कुंडम तहसील का मुख्यालय सीएम राइज में आजादी के अमृत उत्सव पर 76 वी वर्षगांठ पर संस्कृति कार्यक्रम भी छात्रछात्राओं द्वारा किया गया और विधायक नंदनी मरावी ने अपने विचार में मध्य प्रदेश सरकार की योजना से लाभान्वित एवं पुरस्कार प्राप्त हुए हैं उन बच्चों की प्रशंसा की गई और माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद प्रेषित करती है और उन योजनाओं को विधायक ने विस्तार से जानकारी दी और बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में बताया जो बेटा बेटी पढ़ लिखकर अच्छे अंक में आए हैं कुंडम तहसील का नाम रोशन कर रहे हैं विधायक बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रशंसा की मामा जी के द्वारा स्कूटी और ? 25 000 की प्रोत्साहन राशि 80 परसेंट के बच्चों को प्राप्त हुआ है इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सिहोरा विधायक प्रदेश मंत्री नंदनी मरावी विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी डॉक्टर राजू साहू भाजपा कुंडम मंडल अध्यक्ष राजेश साहू जनपद सदस्य ओम प्रकाश सेन गायक हुब्बी लाल चक्रवर्ती पत्रकार स्कूल की प्राचार्य रागिनी डेनियल धर्मेंद्र सिंह शिक्षक छपरा करौंदी सरपंच एवं समस्त स्टाफ बंधु छात्र-छात्राओं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## लीबिया में सशस्त्र संघर्ष में मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हुई

**काहिरा, (एजेंसियां)।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सशस्त्र संघर्ष में मृतकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई और 106 लोग घायल हुए हैं। लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्र ने सोशल मीडिया पर कहा, त्रिपोली में सशस्त्र संघर्ष के कारण सत्ताईस लोग मारे गए और 106 घायल हुए हैं। केंद्र ने कहा कि झड़पों के कारण 134 परिवारों को निकाला गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को, लीबियाई रक्षा मंत्रालय से संबद्ध 444वीं ब्रिगेड के कमांडर महमूद हमजा को कथित तौर पर विशेष निरोध बल द्वारा हिरासत में लिया गया था। इस घटना के कारण दोनों गुटों के बीच सशस्त्र झड़पें हुईं। लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार ने उन क्षेत्रों में आपातकाल घोषित कर दिया जहां झड़पें हुईं, साथ ही मिटिगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आंशिक रूप से आगमन और प्रस्थान निलंबित कर दिया गया।

### भारतीय कोस्टगार्ड ने बचाई चीनी नागरिक की जान

# सीने में दर्द होने पर खराब मौसम में एयरलिफ्ट किया



इंडियन कोस्ट गार्ड ने देर रात अरब सागर में फंसे एक चीनी नागरिक का रेस्क्यू किया। न्यूज एजेंसी हुड्ड के मुताबिक चीनी नागरिक एक पनामा रिसर्च वेसल में बैठकर चीन से यूएईजा रहा था, इस बीच उसे कार्डियक अरेस्ट की शिकायत हुई। इसकी जानकारी मुंबई में मैरिटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर को दी गई।

इसके बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने उसे बचाने के लिए खराब मौसम में समुद्र के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इस घटना की जानकारी इंडियन कोस्ट गार्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी दी है। कोस्ट गार्ड ने बताया है कि चीनी नागरिक को बचाने का ऑपरेशन कोस्ट गार्ड रु॥ और कोस्ट गार्ड स दमन ने घुप अंधेर के बीच चलाया।

**जानकारी मिलते ही लिया एक्शन**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक जानकारी मिलने के तुरंत बाद बिना समय बर्बाद किए चीनी नागरिक के वेसल से संपर्क किया गया। इस दौरान वेसल अरब सागर में 200 नॉटिकल मील (समुद्री मील) दूर मौजूद था। फोन पर ही जरूरी दवाईयों का सुझाव दिया गया।

इसके बाद उसे एयरलिफ्ट किया। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए एंडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर एमके-।।। का इस्तेमाल किया गया। उसे तुरंत फर्स्ट एड दिया गया, जिसके बाद उसे आगे की मेडिकल सुविधा के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**क्या होती है रिसर्च वेसेल ?**

समुद्र में रिसर्च के लिए स्पेशल तरह की शिप या नावों का इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें रिसर्च वेसेल कहते हैं। इन्हें अलग अलग कामों के लिए अलग-अलग तरीकों से डिजाइन किया जाता है। कुछ वेसल को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि वे कुछ सीमित कामों को एक साथ कर सकती हैं। इन वेसेल के अलग अलग काम होते हैं जैसे हाइड्रोग्राफिक सर्वे, ओसेनोग्राफिक रिसर्च, नेवल रिसर्च, पोलर रिसर्च, ऑयल एक्सपलोरेशन आदि।

## आज का इतिहास

1800–लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना।
1868–फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने हिलियम की खोज की।
1891–कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में चक्रवाती तूफान से 700 लोगों की मौत।
1936–प्रसिद्ध गीतकार, कवि और फ़िल्म निर्देशक गुलज़ार का जन्म।
1945–स्वतन्त्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस का निधन।
1949–हंगरी ने संविधान अंगीकार किया।
1951–पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
1959–भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध महिला नेत्री निर्मला सीतारमण का जन्म।
1963–अमेरिका में जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
1982–सोवियत संघ द्वारा एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।

## सुडोकू 6289

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## बाइडेन कराएंगे सऊदी-इजराइल डील : स्प्रेसिडेंट का सऊदी अरब पर जबरदस्त दबाव

**वॉशिंगटन/रियाद।** इजराइल-सऊदी अरब रिलेशन और अमेरिका के रोल पर बारीक नजर डाली गई है। इसके मुताबिक- प्रेसिडेंट बाइडेन अगले साल अपना टेन्योर खत्म होने से पहले इजराइल और सऊदी अरब के बीच डिप्लोमैटिक रिलेशन्स शुरू कराना चाहते हैं। इसके लिए हर लेवल पर बैकडोर दरअसल, बाइडेन चाहते हैं कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टेन्योर में अरब देशों और इजराइल के बीच जो ऐतिहासिक 'अब्राहम अकॉर्ड' हुआ था, उसे बढ़ाया जाए और सऊदी अरब को इस डील का हिस्सा बनाया जाए। अब्राहम अकॉर्ड ट्रम्प की बहुत बड़ी कामयाबी मानी जाती है। इसलिए सियासी तौर पर भी बाइडेन भी छाप छोड़ना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने इजराइल और सऊदी अरब के लिए एक अलग टीम ही अपॉइंट कर दी थी। ये हर हफ्ते एक रिपोर्ट व्हाइट हाउस को सौंपती है। एक अमेरिकी अफसर ने इजराइली अखबार से कहा- बाइडेन को लगता है कि जनवरी 2025 में अगर ट्रम्प व्हाइट हाउस में लौटते हैं तो वो हर हाल में सऊदी अरब और इजराइल के बीच डील करा देंगे। प्रेसिडेंट बाइडेन रिपब्लिकन पार्टी और ट्रम्प को यह मौका नहीं देना चाहते। सऊदी अरब ही नहीं, बल्कि अरब वर्ल्ड में इन दिनों इजराइली और यहूदी धर्मगुरु (रब्बी) याकोव इजराइल हर्जोग की काफी चर्चा हो रही है। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने याकोव को देश में चबाद हाउस बनाने और उसमें रहने की मंजूरी दी है। सऊदी अरब की मॉडर्न हिस्ट्री में याकोव पहले यहूदी धर्मगुरु हैं, जो यहां बेरोकटोक घूम सकेंगे। खुद याकोव भी कहते हैं- मैं सऊदी सरजमीं पर पहला रब्बी हूं और इस बात का मुझे फख्र है। एक सऊदी मीडिया हाउस को पिछले दिनों याकोव ने इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इस दौरान वो विवादित सवालों के जवाब देने से बचते रहे। आंकड़ों की बात करें तो इस वक्त सऊदी अरब में करीब 75 हजार अमेरिकी रहते हैं। ये सभी अलग-अलग सेक्टर में काम कर रहे हैं। इनमें से 1व्र यानी करीब 15 हजार यहूदी हैं।

### तमिलनाडु के तीन छात्रों की समुद्र में डूबने से मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले के थिसैयानविलई तालुक में मंगलवार शाम को समुद्र में नहाने गए तीन स्कूली छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्र ने बताया कि जैसे ही तीनों लापता हो गए, तटीय सुरक्षा समूह पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने मछुआरों के साथ मिलकर उनका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु भी घटनास्थल पर पहुंचे और आधी रात तक चले तलाशी अभियान की निगरानी की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

### बिहार में स्वतंत्रता दिवस पर भी मायूस रहे अतिथि शिक्षक

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में प्लस टू विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने के बावजूद उनको उस दिन का मानदेय नहीं मिलेगा। उच्चतर माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश दत्त पांडेय ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने के वावजूद सभी अतिथि शिक्षकों का मन मानदेय नहीं मिलने के कारण विचलित हो गया है।

# रिश्वतखोरी से गई 65 मासूमों की जान? 'जानलेवा' कफ सिरप पर वकील का दावा- टेस्ट में हुई थी धांधली

उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौत कथित तौर भारत में बने कफ सिरप पीने से हो गई थी। अब इस मामले में एक नया खुसाला किया गया है। उज्बेकिस्तान के स्टेट प्रॉसिक्यूटर ने यह दावा किया है कि जानलेवा भारतीय कफ सिरप के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने जरूरी टेस्टिंग को नजरअंदाज करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को 33,000 डॉलर की रिश्वत दी थी।

इस मामले के मद्देनजर उज्बेकिस्तान में मौतों के मामले में 21 लोगों पर मुकदमा चलाया, जिनमें से 20 उज्बेक और एक भारतीय हैं। प्रतिवादियों में से तीन (एक भारतीय और दो उज्बेकिस्तान के नागरिक) कुरामैक्स मेडिकल के अधिकारी हैं। कुरामैक्स ऐसी कंपनी है जो उज्बेकिस्तान में भारत के मैरियन बायोटेक की तरफ से बनाई दवाएं बेचती है।

उज्बेक स्टेट प्रॉसिक्यूटर सैदकारिम अकिलोव के अनुसार, क्यूरामैक्स के सीईओ सिंह राघवेंद्र प्रताप ने कथित तौर पर अपने प्रॉडक्ट की विशेषज्ञता और मानकीकरण के लिए राज्य केंद्र के अधिकारियों को 33,000 डॉलर का भुगतान किया ताकि वे इसके प्रॉडक्ट्स की जरूरी जांच न करें। हालांकि, प्रॉसिक्यूटर के बयान से यह स्पष्ट नहीं था क्या उज्बेकिस्तान में ही इन कफ सिरप की टेस्टिंग की जानी थी या कफ सिपर निर्माता की तरफ भारत में इसकी टेस्टिंग करने का अनुरोध किया गया था।

क्यूरामैक्स के सीईओ सिंह राघवेंद्र प्रताप ने अदालत में इन आरोपों से इनकार किया लेकिन स्वीकार किया कि उन्होंने बख्शीश के रूप में एक मेडिएटर के माध्यम से अधिकारियों को राशि सौंपी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि बाद में उस पैसे का इस्तेमाल कैसे और किसने किया।

21 प्रतिवादियों में से सात ने अपने खिलाफ कम से कम कुछ आरोपों में खुद को दोषी ठहराया, जिसमें कर चोरी, घटिया या नकली दवाओं की बिक्री, कार्यालय का दुरुपयोग, लापरवाही, जालसाजी और रिश्वतखोरी शामिल थी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि पिछले साल से 45 मौतें दर्ज क्यों नहीं की गईं। अपनी देते वक्त स्टेट प्रॉसिक्यूटर ने बुधवार को यह भी कहा कि क्यूरामैक्स ने सिंगापुर स्थित दो मेटिएटर कंपनियों के माध्यम से बढ़ी हुई कीमत पर मैरियन बायोटेक दवाओं का आयात किया था, जिससे कर चोरी के आरोप लगे।

## जब बीच सड़क पर आ धमका तेंदुआ तो लंगूरों ने उसे मारकर भगाया



**नई दिल्ली।** वन्य जीवन की आश्चर्यजनक विविधता अक्सर हमारी ज्वलंत कल्पनाओं को पार कर सकती है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो इसका जीवंत उदाहरण है। सड़क पर टहल रहे तेंदुए की लंगूरों ने कुटाई कर दी। इसके बाद उसने भी आंव देखा न तांव वहां से नौ दो ग्यारह हो गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस असाधारण क्षण के वक्त सड़क पर ट्रैफिक भी रुक गया था। घटना दक्षिण अफ्रीका के एक सुदूर इलाके की बताई जा रही है। यहां सड़क पर टहल रहे एक तेंदुए की 50 लंगूरों की टोली ने कुटाई कर दी। वीडियो में दिख रहा है, शिकारी कैसे खुद शिकार बन गया। इस दौरान सड़क पर यातायात भी रुक गया। वीडियो को लेटेस्ट साइटिंग्स के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है। वीडियो की शुरुआत एक तेंदुए को सड़क के किनारे चलते हुए दिखाई देता है। ऐसा लग रहा है कि वह शिकार की तलाश में है। अगले ही पल लंगूरों की टोली सड़क के बीच में चलते हुए देखी जा सकती है। तेंदुए की नजर एक लंगूर पर पड़ती है और वह उस पर जैसे ही हमला करता है, दूसरे लंगूर गुलदार पर झपट पड़ते हैं। कुछ ही क्षणों में गुलदार को अपनी गलती का अहसास होता है और वह वहां से नौ दो ग्यारह हो जाता है लेकिन, लंगूर भी उसके पीछे दौड़ लगाते हैं।

## चीन बोला- ताइवान मुद्दे पर आग से खेल रहा अमेरिका

### विदेश मंत्री शांगफू ने कहा- ये हमारा आंतरिक मसला, किसी की दखलंदाजी मंजूर नहीं




चीन के इस बर्ताव की वजह ताइवान के उप-राष्ट्रपति विलियम लाई का अमेरिका दौरा है। चीन ने उन्हें ट्रबल मेकर यानी मुसीबतें पैदा करने वाला कहा है। वहीं ताइवान ने चीन की इन धमकियों पर पलटवार किया था। उप राष्ट्रपति लाई ने कहा था कि ताइवान किसी भी धमकी से डरेगा नहीं और न ही पीछे हटेगा। चीन हमेशा से ही ताइवान के नेताओं के अमेरिका जाने पर आपत्ति जताता रहा है।

विलियम लाई अगले साल ताइवान में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में सबसे प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। ऐसे में चीन नहीं चाहता है कि वो अमेरिका से करीबी बढ़ाएं। लाई ने न्यूयॉर्क में अपने समर्थकों से बातचीत के दौरान कहा- अगर ताइवान सुरक्षित है तो पूरी दुनिया सुरक्षित है। वहीं डिफेंस मिनिस्टर ली शांगफू पर अमेरिका ने 2018 में पाबंदियां लगाई थीं। अमेरिका ने ली पर पाबंदियों की घोषणा की वजह रूस से हथियार लेने को बताया था।

**चीन के साथ ओवरलैप होता है ताइवान का डिफेंस जोन**

ताइवान का एयर डिफेंस जोन उसके एयरस्पेस से काफी बड़ा है और कई जगह पर यह चीन के एयर डिफेंस जोन पर ओवरलैप कर जाता है। इसके अलावा सिर्फ एयरस्पेस ही नहीं बल्कि कहीं-कहीं पर इसमें मेनलैंड भी शामिल है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ताइवान के डिफेंस जोन में चीन की बढ़ती दखलंदाजी उसकी ग्रे जोन रणनीति का हिस्सा है जिससे वह आइलैंड पर दबाव बनाए रखना चाहता है।

## वर्ग पहेली 6289

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | | ■ | ७ | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १६ | १७ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6288

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ला | २ प | त्र | ३ क | ■ | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | ■ | र | ■ | ६ ट्ठ | क | ड़ा | ■ | त्य | ■ |
| ७ शा | स | क | ■ | व | ■ | ८ प | री | क्ष | ९ क |
| ला | ■ | ट | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न्नी |
| ■ | ११ स | ना | १२ त | न | ■ | ■ | १३ त | ड़ | का |
| ■ | जी | ■ | रू | ■ | १४ प्र | ब | ल | ■ | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | ■ | ति | ■ | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | ■ | रू | ■ | १९ स | मा | २० ज | ■ | फ | ■ |
| २१ वा | रि | ज | ■ | वे | ■ | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | ■ | २४ न | का | रा | त्म | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**उम्मीद** *वैष्णो देवी दरबार आने वालों का आंकड़ा एक करोड़ छूने की उम्मीद*

# सात माह में 58 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)। इस साल वैष्णो देवी आने वालों की संख्या के एक करोड़ से अधिक होने की उम्मीद बढ़ गई है। यह उम्मीद इस साल पिछले सात महीनों के दौरान आने वाले 58 लाख श्रद्धालुओं के कारण जगी है। वैष्णो देवी यात्रा के इतिहास में यह दूसरा अवसर है कि सात माह में आंकड़े ने 58 लाख को छुआ हो।**

जारी वर्ष में श्रद्धालुओं के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जारी वर्ष के पहले 7 माह में 58 लाख से अधिक श्रद्धालु मां के दरबार हाजिरी लगा चुके हैं यानी कि जारी वर्ष के पहले 7 माह में 5820228 श्रद्धालु अब तक मां के चरणों में नतमस्तक हो चुके हैं। वहीं इसी समयावधि में बीते वर्ष 5503995 श्रद्धालु मां के दरबार हाजिरी लगाने पहुंचे थे। हालांकि जारी वर्ष के जुलाई माह में बीते वर्ष के जुलाई माह के मुकाबले कम संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे हैं वर्ष 2023 के जुलाई माह में 776800 श्रद्धालु मां के द्वार पहुंचे थे जबकि वर्ष 2022 के जुलाई माह में कुल 907542 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे यानी कि 130742 अधिक संख्या में श्रद्धालु बीते वर्ष के जुलाई माह में मां के दरबार पहुंचे थे।



■ **रिमझिम बारिश भी नहीं थाम पा रही श्रद्धालुओं के कदम**

बीते वर्ष के मुकाबले जारी वर्ष के पहले 7 माह में 316233 अधिक संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे और हजारों की संख्या में रोजाना मां वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का आना निरंतर जारी है। चाहे तीखी गर्मी हो या घनी धुंध या फिर रिमझिम बारिश बावजूद इसके श्रद्धालुओं के कदम निरंतर मां के भवन की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023 के जनवरी माह में कुल 524189 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे तो वहीं फरवरी माह में 414432 श्रद्धालु जबकि मार्च माह में 894650 अप्रैल माह में 1018540 मई माह में 995773 जून माह में 1195844 श्रद्धालु जुलाई माह में 776800 श्रद्धालु मां के दर पहुंचे थे। वही जारी माह के पहले 7 माह में अब तक कुल 5820228 श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। वर्ष 2022 के जनवरी माह में 438521 श्रद्धालु फरवरी माह में 361074 श्रद्धालु मार्च माह में 778669 श्रद्धालु अप्रैल माह में 902192 श्रद्धालु मई माह में 986766 श्रद्धालु जून माह में 1129231 श्रद्धालु जबकि जुलाई माह में 907542 श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे यानी कि वर्ष 2022 के पहले 7 माह में कुल 5503995 श्रद्धालु मां के दरबार हाजिर लगाने पहुंचे थे। बढ़ती भीड़ के कारण वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। पहले से ही वह आने वालों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर परेशान था जिसके हल की खातिर वह आईआईएम अहमदाबाद की सहायता ले रहा है। वैष्णो देवी तीर्थ स्थान देश का पहला ऐसा तीर्थस्थान है जहां वाहनों से नहीं बल्कि लोग पैदल ही 13 किमी की चढ़ाई चढ़ कर वैष्णो देवी की पिंडियों के दर्शनार्थ जाते हैं। और इन नए बने रिकार्डो के बाद श्राइन बोर्ड को इस बार कुल संख्या एक करोड़ के पार जाने के रिकार्ड की भी आस जग गई है। बढ़ती भीड़ के कारण हालत ऐसी है कि पहाड़ों के बीच स्थित गुफा के दर्शनार्थ आने वालों की सुविधाएं बढ़ाने का अब और कोई स्कोप श्राइन बोर्ड को नहीं सूझ रहा है।

# खेल जगत

## सिनसिनाटी मास्टर्स : रयबाकिना, सबालेंका प्री-क्वार्टर में पहुंचे

**सिनसिनाटी ( अमेरिका )**। पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियन, नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना ने जेलेना ओस्टापेंको को 6-7(6), 6-2, 6-4 से हराया। पिछले साल की विंबलडन चैंपियन रयबाकिना को बुधवार रात को पिछड़ने के बाद जीत हासिल करने में 2 घंटे और 17 मिनट का समय लगा। 2017 रोलैंड गैरां टाइटलिस्ट जेलेना ओस्टापेंको के साथ आमने-सामने की भिड़ंत में वह 3-2 से आगे हो गईं। क्वार्टरफाइनल स्थान के लिए रयबाकिना का गुरुवार को इटालियन क्वालीफायर जैस्मीन पाओलिनी से मुकाबला होगा। पाओलिनी ने बुधवार को क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-3 से हराया। दूसरी ओर, दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को भी अपने पहले मैच में तीन सेट तक हार का सामना करना पड़ा और उन्होंने नंबर 192 एन ली को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर 2 घंटे और 3 मिनट में बाद बढ़त बना ली।



# आयरलैंड के खिलाफ भारत की निगाहें चोट के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज बुमराह व प्रसिद्ध पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




■ भारत के ऋतुराज,यशस्वी और तिलक जैसे बल्लेबाज कसौटी पर होंगे


■ स्टर्लिंग-बलबर्नी के लिए भारत के बुमराह व प्रसिद्ध से पार पाना आसान नहीं

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। भारत की निगाहें मालाहाइड(डबलिन) में शुक्रवार को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज में चोट के बाद ऑपरेशन करा फिट होकर वापसी करने वाले कप्तान तेज गेंदबाज और प्रसिद्ध कृष्ण की गेंदबाजी पर रहेंगी। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण के लिए मेजबान आयरलैंड के खिलाफ यह टी-20 सीरीज अपने देश में शुरू हो रहे आईसीसी वनडे विश्व कप से पहले यह साबित करने का मौका है कि वे अब % फिट हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते बरस घरेलू सीरीज में सितंबर में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। बुमराह न्यूजीलैंड में अपनी पीठ की सर्जरी कराने के बाद के बाद पिछले करीब ढाई महीने से एनसीए में धीमे-धीमे गेंदबाजी की अपनी पूरी लय पाने में जुटे थे। एनसीए में वीवीएस लक्ष्मण खासतौर पर बुमराह की चोट के बाद बतौर गेंदबाज प्रगति से संतुष्ट नजर आए और इसी कारण उन्हें आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया। भारत ने आयरलैंड से बेशक अपने पिछले सभी पांचों टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते हैं। भारत को मौजूदा टी-20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ अपना वर्चस्व बनाया रखना है तो उसके ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे नवोदित बल्लेबाजों को कसौटी पर खरा उतरना होगा।

हार्दिक पांडया की अगुआई में भारत ने दीपक हुड्डा के शतक की बदौलत डबलिन के इसी मैदान पर बीते बरस जून में दो टी-20 मैचों की सीरीज का दूसरा व आखिरी मैच मात्र चार रन से जीत सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। भारत को आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग और एंडी बलबिर्नी की सलामी जोड़ी के साथ , हैरी टैक्टर, जॉर्ज डॉकरैल और मार्क एडेयर कर्टिस कैम्फर जैसे बल्लेबाजों से चौकस रहना होगा।भारत के खिलाफ पिछले और आखिरी टी-20 मैच में शतकीय भागीदारी करने वाले स्टर्लिंग और बलबिर्नी की सलामी जोड़ी के लिए चोट के बाद वापसी करने वाले भारत के कप्तान तेज गेंदबाज बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा , अर्शदीप सिंह के साथ शिवम दुबे जैसे तेज गेंदबाजों की चौकड़ी से पार पाना आसान नहीं होगा। साथ ही भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर, लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ तिलक वर्मा अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन और यशस्वी जायसवाल लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी से आयरलैंड के बल्लेबाजों को स्पिन का जाल बुनकर उसमें फसाने का दम रखते हैं।

भारत ने कप्तान बुमराह को छोड़ आयरलैंड के खिलाफ इस तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए दूसरे भी नहीं बल्कि तीसरे दर्जे की टीम उतारी है। बुमराह की अगुआई में भारत ने इस आयरलैंड दौरे के लिए अपनी करीब करीब वही तीसरे दर्जे की टीम चुनी है, जो उन्हें छोड़ अगले महीने हांग्जो (चीन) में सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में एशियाई खेलों में खेलेगी। भारत की हार्दिक पांड्या की अगुआई में वेस्टइंडीज से उसके घर में पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 2-3 से हारने वाली टीम में सबसे ज्यादा 173 रन बना सीरीज की खोज रहे बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के नवोदित बल्लेबाज तिलक वर्मा और दमदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी जायसवाल के लिए आयरलैंड के खिलाफ यह टी-20 सीरीज अपने ही घर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत करने का मौका होगा। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी टीम की वेस्टइंडीज के हाथों टी-20 सीरीज हारने के बाद इस बात की जरूरत बताई कि टीम को अगले टी-20 विश्व कप के लिए ऑलराउंडरों की ज्यादा जरूरत है। खासतौर पर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट यानी टी 20 में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे को आजमाने की पैरवी की है। साथ ही बल्ले के साथ गेंद से भी दो-दो ओवर फेंकने में सक्षम बल्लेबाज को बतौर गेंदबाज ज्यादा तवज्जो देने की बात की थी। भारत की बल्लेबाजी आयरलैंड के खिलाफ ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के साथ आईपीएल में निचले मध्यक्रम में उतर कर धमाल मचाने वाले रिंकू सिंह पर निर्भर करेगी। साथ ही बतौर ऑलराउंडर शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर से भारत मध्यक्रम में बड़ी पारी की आस करेगा। भारत के बल्लेबाजों को आईपीएल में खेल चुके आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल और बॉलिंग ऑलराउंडर मार्क अडेयर ,बेन व्हाइट के साथ स्पिन ऑलराउंडर जॉर्ज डॉकरेल से चौकस रहना होगा।

# दुबई में अपने ऐतिहासिक मेडल का रंग बदलना चाहता हूं : परमजीत



**दुबई**। भारत के शीर्ष पावरलिफ्टर परमजीत कुमार पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2021 में कांस्य पदक जीता था और इस बार मेडल में सुधार को लेकर आश्वस्त हैं। परमजीत कुमार को पैरा पावरलिफ्टिंग में पहचान तब मिली, जब उन्होंने 2018 में एशियन पैरा गेम्स में 11 साल के इंतजार को कांस्य पदक के साथ खत्म किया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय पदक था। इसके तीन साल बाद, उन्होंने त्बिलिसी-2021 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 49 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अब, दुबई विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग-2023 के लिए एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। ऐसे में एक बार फिर उनके ऐतिहासिक विश्व पदक की यादें ताजा हो गई हैं। यह मेडल भारत में पैरा-पावरलिफ्टिंग के लिए बहुत बड़ा था, जो पैरालंपिक खेल में तेजी से बढ़ रहा है। विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में यह पहला पदक है। परमजीत के लिए व्यक्तिगत रूप से, यह एक सपने के सच होने जैसा क्षण था।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने परमजीत के हवाले से कहा, वह पदक भारत में कई उभरते पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी प्रेरणा थी। परमजीत को जिस बात पर गर्व है वह यह है कि कई युवा उनके नक्शेकदम पर चल रहे हैं और प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। उनमें से एक सीमा रानी हैं जो आगामी दुबई-2023 वर्ल्ड कप में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

परमजीत ने कहा, मुझे खुशी और गर्व है कि मैं किसी को पैरा खेल के लिए प्रेरित कर सका और उसके करियर को आकार देने में भूमिका निभा सका। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। भारत के एकमात्र पैरालंपिक पदक विजेता राजेंद्र सिंह रहेलू काफी समय से पमजीत के कोच हैं। भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार परमजीत भी हांगझोऊ एशिया खेल में हिस्सा ले रहे हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि वो इस बार अपने मेडल का रंग बदलने में जरूर कामयाब होंगे। परमजीत ने कहा, दुबई हमेशा मेरे लिए अच्छा रहा है। पिछले साल फ़ज़ा 2022 विश्व कप में, मैंने रजत पदक जीता था। इस साल एक और रोमांचक चैंपियनशिप की उम्मीद कर रहा हूं। दुबई में परमजीत 20 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। जिसमें 2010 एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता अनुभवी फरमान बाशा भी शामिल हैं। दुबई 2023 पैरा पावरलिफ्टिंग वर्ल्ड कप में 80 से अधिक देशों के 555 पावरलिफ्टर भाग लेंगे।

# डूरंड कप में दिल्ली के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नईयिन एफसी



**गुवाहाटी**। डूरंड कप 2023 में अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को चेन्नईयिन एफसी यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में दिल्ली एफसी के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

फारुख चौधरी, रहीम अली और राफेल क्रिवेलारो के गोल की मदद से ओवेन कॉयले की टीम ने त्रिभुवन आर्मी के खिलाफ 3-0 से जीत के साथ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मरीना मचान्स वर्तमान में छह अंकों के साथ ग्रुप ई तालिका में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, डिफेंडर आकाश सांगवान ने कहा कि उनका ध्यान नॉकआउट चरण से पहले अपने आखिरी ग्रुप मैच को जीतने पर है। आकाश ने दिल्ली एफसी के खिलाफ मैच से पहले कहा, हम अपने पिछले मैच से बहुत सारी सकारात्मक बातें लेते हैं। हमने लगातार दो जीतें दर्ज कीं। आगामी संघर्ष के लिए हमारी मानसिकता नहीं बदली है क्योंकि हम जीत के लिए जा रहे हैं। मैं मैच के लिए बहुत उत्साहित हूं। आप जानते हैं कि मैंने दिल्ली एफसी के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ खेला है। मैं पहले मिनर्वा का प्रतिनिधित्व करता था। इसलिए मैं सभी पंजाबी लोगों के खिलाफ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा उनके साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और मैं यह साबित करना चाहता हूं कि हम बेहतर टीम हैं। डूरंड कप के 132वें संस्करण में आईएसएल, आई-लीग और सशस्त्र बलों की कुल 24 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार टीमों के छह समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष टीम और सभी छह समूहों में दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

# पीसीबी ने की भूल सुधार, अपडेटड वीडियो में इमरान शामिल

**लाहौर** । क्रिकेट के मैदान पर देश की उपलब्धियों का जश्न मनाने वाले वीडियो से इमरान खान को बाहर रखने पर तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 1992 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान इमरान खान के फुटेज का एक अपडेटड संस्करण जारी किया है। गुरुवार को अपडेटेड वीडियो को दोबारा जारी करते हुए पीसीबी ने इसे 'मूल संस्करण' बताते हुये कहा कि पहले के वीडियो में समय की कमी के कारण महत्वपूर्ण क्लिप शामिल नहीं गये थे।

पीसीबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए वीडियो के साथ लिखा पीसीबी ने क्रिकेट विश्वकप 2023 के लिए एक प्रचार अभियान शुरू किया है। एक वीडियो 14 अगस्त 2023 को अपलोड किया गया था। वीडियो संक्षिप्त था और कुछ महत्वपूर्ण क्लिप गायब थे। इसे वीडियो के पूर्ण संस्करण में ठीक कर दिया गया है।



अद्यतन संस्करण में वीडियो में चार भाग जोड़े गए हैं जिनमें इमरान के क्रिकेट के लिये योगदान,1992 में कप्तान के रूप में प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाना, मिस्बाह-उल-हक की टेस्ट गदा जीत, एशिया कप में महिला टीमों की जीत और निदा डार की 100 विकेट की उपलब्धि शामिल है। इससे पहले इमरान की टीम के साथी और 1992 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य वसीम अकरम ने वीडियो में इमरान खान को शामिल नहीं करने के लिए पीसीबी पर हमला बोला था। पीसीबी से वीडियो हटाने और माफी मांगने के लिए कहते हुए अकरम ने 'एक्स' पर लिखा, श्रीलंका पहुंचने के बाद जब मैंने पीसीबी की छोटी क्लिप देखी तो मुझे अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका लगा। राजनीतिक मतभेद अलग हैं लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।

क्रिकेटर से नेता बने इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की स्थापना की और 2018 से 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और हाल ही में उन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में डाल दिया गया।

# 'धवन को नहीं मिलता श्रेय जिसके वो हकदार'

**नई दिल्ली** । एशिया कप 2023 के नजदीक होने के साथ ही भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ता लाइनअप में शीर्ष सात स्थानों के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन के लिए गहन चर्चा कर रहे हैं। इस साल टीम इंडिया को कई बड़े टूर्नामेंट में भाग लेना है। लेकिन, टीम इंडिया अब तक एक स्टेबल टीम तैयार नहीं कर पाई है। चाहे बात प्लेइंग-11 की हो या कॉम्बिनेशन, हर पैमाने पर भारतीय टीम संघर्ष कर रही है।

सबसे बड़ा सवाल ये है कि कप्तान रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में कौन साझेदारी करेगा। इस रोल के लिए ईशान किशन और शुभमन गिल प्रबल दावेदार हैं। इस बीच भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आगामी एशिया कप 2023 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप पर अपना दृष्टिकोण साझा किया है।



स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्शन डे शो पर बोलते हुए रवि शास्त्री ने इस बारे में बात की कि एशिया कप 2023 के लिए ईशान किशन बल्लेबाजी क्रम में कहां होंगे और अनुभवी खिलाड़ी शिखर धवन का टीम पर क्या प्रभाव पड़ा है, जो 2019 वर्ल्ड कप में इंजरी के कारण चूक गए थे। टीम के पिछले अनुभवों, विशेषकर 2019 विश्व कप अभियान पर विचार करते हुए, शास्त्री ने अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा टीम की संरचना में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। रवि शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर एक चर्चा में साफतौर पर कहा कि शिखर धवन को वो सम्मान नहीं मिलता, जिसके शायद वह हकदार रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों ने कभी शिखर धवन को उतना क्रेडिट नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। जब साल 2019 में हम वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारे तो टीम ने उन्हें बहुत मिस किया। बता दें कि उस वर्ल्ड कप में धवन शुरुआती फेज के बाद चोटिल हो गए थे और उन्हें बाहर होना पड़ा था। शास्त्री ने आगे कहा कि टॉप ऑर्डर में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से आपको मदद मिलती है। जब गेंद स्विंग होती है तो दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए वो अंदर आती है लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर जाती है और रन बनाने में आसानी होती है।

पिछले महीने, बीसीसीआई ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए मुख्य रूप से युवा प्रतिभाओं से बनी एक टीम की घोषणा की। घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप की तैयारियों में व्यस्त पहली पसंद के खिलाड़ियों के साथ, चीन में भारत की दूसरी टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी 37 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन के कंधों पर आने की उम्मीद थी। हालांकि, चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों में टीम की कप्तानी के लिए युवा ऋतुराज गायकवाड़ को चुना। भारत के लिए धवन का आखिरी मैच पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश दौरे के दौरान था।

# एक दशक बाद बांग्लादेश का दौरा करेगी कीवी टीम

**ढाका**। लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम एशियाई देश बांग्लादेश में एक दिवसीय और टेस्ट श्रृखंला खेलने आयेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के बहुप्रतीक्षित दौरे के कार्यक्रम का खुलासा किया है। वर्ष 2013 के बाद यहां आने वाली कीवी टीम तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। दो चरणों में होने वाला यह दौरा 21 सितंबर को शुरू होगा जिसमें तीनों एकदिवसीय मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे जिसके बाद दोनो टीमें एक दिवसीय विश्व कप में मशगूल हो जायेंगी। दौरे के दूसरे चरण में टेस्ट श्रृंखला नवंबर के अंत में शुरू होगी जिसके आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। 2019 विश्व कप फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड अपने आगामी विश्वकप अभियान की शुरुआत पांच अक्टूबर को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। वहीं बांग्लादेश विश्व कप के सफर की शुरुआत सात अक्टूबर को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।



## सार संक्षेप

### आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली**। आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया साल के अंत में जी-20 आइनबॉल स्पोर्टस् इंटरनेशनल लीग 2023 की मेजबानी करेगा। आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं नौसेना स्टाफ के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे और फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रताप सिंह ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग चैंपियनशिप में करीब एक दर्जन देशों के अंतरराष्ट्रीय खेल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। आइनबॉल एक उभरता हुआ खेल है जो दुनिया भर में गति पकड़ रहा है, जिसने भारत को इस खेल में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है।

### 2023 फीबा विश्व कप के लिए तीन महिला रेफरी चयनित

**बर्न**। आगामी 2023 बास्केटबॉल विश्व कप के लिये तीन महिला रेफरियों का चयन कर लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी साझा की है। फीबा के कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार, तीन महिला रेफरी, एमी बोनर, ब्लैंका बर्न्स और जेना रेनेउ को 25 अगस्त को शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए नामांकित किया गया है। सभी पांच क्षेत्रों के कुल 44 रेफरी को मनीला में एक प्री-प्रतियोगिता शिविर के बाद विभिन्न स्थानों पर भेजा जाएगा ताकि उनकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके।

### यूरोस्पोर्ट इंडिया ने अफगानिस्तान- पाकिस्तान सीरीज के प्रसारण अधिकार हासिल किए

**मुंबई**। यूरोस्पोर्ट इंडिया ने गुरुवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 22 अगस्त से खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए विशेष प्रसारण अधिकार हासिल करने की घोषणा की है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 22 अगस्त से खेली जाएगी।

# चोट के कारण बाहर कप्तान उत्तम की जगह विष्णुकांत जर्मनी में चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत के कप्तान

■ भारत की जू. टीम अपने अभियान का आगाज स्पेन के खिलाफ मैच से करेगी

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। स्कीमर विष्णुकांत सिंह की अगुआई में भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम डसेलडर्फ (जर्मनी) में चार देशों के डसेलडर्फ हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज शुक्रवार को स्पेन की जूनियर टीम के खिलाफ मैच करेगी। नियमित कप्तान उत्तम सिंह प्रशिक्षण शिविर में चोट के चलते जूनियर भारती टीम की कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसीलिए कप्तानी विष्णुकांत को सौंपी गई है। बेशक भारत को बतौर स्ट्राइकर उत्तम सिंह की कमी जर्मनी में टूर्नामेंट में अखरेगी लेकिन स्कीमर विष्णुकांत सिंह के रूप में भारत के पास टीम का मार्गदर्शन करने में सक्षम अनुभवी कप्तान है। उत्तम सिंह की कप्तानी में भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल में 2-1 से हराकर ओमान में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप जीत कर सीधे क्वालालंपुर में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई किया था।

### हमें जर्मनी में टूर्नामेंट में भी बढ़िया प्रदर्शन जारी रखन का भरोसा : विष्णुकांत

भारत के की जूनियर हॉकी टीम के कप्तान विष्णुकांत सिंह ने कहा, %हमारे लिए जर्मनी में होने वाला यह टूर्नामेंट जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप से पहेल यूरोप की कुछ श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेल अनुभव हासिल करने और अपनी प्रगति जारी रखने का मौका है। हमारी टीम में अनुभवी और मजबूत खिलाड़ी हैं। हमें जर्मनी में इस टूर्नामेंट में हाल ही के टूर्नामेंटों की तरह बढिया़ प्रदर्शन जारी रखने का भरोसा है। हमारे लिए इस टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे हासिल कर आत्मविश्वास पाना अहम है।'

चार देशों के इस हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान जर्मनी, भारत, स्पेन और इंग्लैंड की जूनियर टीमें शिरकत करेंगी। भारत की जूनियर टीम 19 अगस्त के मेजबान जर्मनी से तथा 21 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगी। फाइनल 22 अगस्त को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट मेजबान जर्मनी सहित इस टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली चार देशों की जूनियर हॉकी टीमें के लिए खुद को इस साल क्वालालंपुर (मलयेशिया) में 5 से 16 दिसंबर तक खेले जाने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के लिए तैयारियों का हिस्सा है।




भारतीय जूनियर हॉकी टीम साई सेंटर, बेंगलुरू में जून और अगस्त में लगे जूनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर में शिरकत करने के बाद डसेलडर्फ(जर्मनी) पहुंची है।

### ध्यान अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर : सीआर कुमार

भारत की जूनियर हॉकी टीम के हेड कोच सीआर कुमार ने हा, %स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड की जूनियर टीमें खासी मजबोत हैं और हमने हाल ही में इन टीमों के पिछले कुछ मैचों का बारीकी से विश्लेषण किया है। हमारा ध्यान मुख्य तौर पर अपनी ताकत के मुताबिक खेल कर अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर रहेगा। हमने शिविर में अपनी खामियों को दूर करने पर मेहनत की है। हम अच्छे और सकारात्मक नतीजे हासिल करने के लिए अपनी रणनीति पर काबिज रहेंगे।'

### जर्मनी और स्पेन के खिलाफ हावी रही भारतीय जूनियर हॉकी टीम

भारतीय जूनियर हॉकी टीम स्पेन के खिलाफ आखिरी बार 2018 में आठ देशों के टूर्नामेंट में उसके खिलाफ उसके घर मैड्रिड में खेली थी जहां स्पेन की जूनियर टीम 3-1 से जती थी, 2016 के बाद भारत और स्पेन की जूनियर टीमें चार बार आमने सामने हुई हैं और इनमें तीन बार भारतीय जूनियर टीम जीती है जबकि स्पेन की टीम मात्र एक बार भारत की जूनियर टीम से पार पा सकी है। वहीं भारतीय टीम मेजबान जर्मनी से 2021 के एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भिड़ी थी और तब उसे 2-4 से हार झलनीपड़ी थी।

## सुडोकू 6289 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |


| SENSEX | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 65151.02 ▼ 388.40 | NSE | 19365.25 ▼ 99.75 | MCX | Gold | 58670 ▼ 11 | silver | 70782 ▲ 1060 | | |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया टूटकर 83.15 रु के निचले स्तर पर आया

**नई दिल्ली।** आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बहुत ज्यादा निचले स्तर 83.15 रुपये पर जाकर बंद हुआ है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे कमजोर होकर 83.15 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि यह रुपये का सबसे निचला स्तर नहीं है। रुपये का सबसे निचला स्तर इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान 20 अक्टूबर, 2022 को बना था जब रुपया 83.29 रुपये के स्तर पर पहुंच गया था। डालर में गिरावट का बड़ा कारण आरबीआई की तरफ से लगातार डालर का बेचना है। लेकिन ऐसा नहीं है कि रुपये की कमजोरी का यही एक कारण है।



## चुनावी वर्ष में गेहूं की कीमतों में उछाल ने उड़ाई सरकार की नींद

***नई दिल्ली।** एक तो चुनावी वर्ष उसपर से गेहूं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने सरकार की सिरदर्दी बढ़ा रखी है. उसपर से इस मानसून सीजन में कई राज्यों में कम बारिश के चलते खेतिहर भूमि में नमी नहीं रहने की आशंका है जिसका असर आने वाले रबी सीजन में गेहूं के पैदावार पर असर पड़ने की संभावना है.ऐसे में गेहूं की कीमतों में जारी तेजी थमने के आसार कम नजर आ रहे. घरेलू मार्केट में गेहूं की कीमतों में लगाम लगाने के लिए 15 वर्षों के बाद भारत सरकार इंपोर्ट का सहारा लेने पर विचार कर रही है.*

**रूस से अब गेहूं इंपोर्ट!** – घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गेहूं की कीमतों में उछाल के बाद सप्लाई बढ़ाकर कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार रूस से सस्ते दामों पर गेहूं आयात करने पर विचार कर रही है. भारत ने रूस से इसके लिए बातचीत शुरू कर दी है. रूस से गेहूं के आयात होने पर कीमतों में नरमी लाने में मदद मिलेगी.

**2 महीने में 10 प्रतिशत बढ़ी कीमत** – जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 7.44 फीसदी पर जा पहुंची है तो खाद्य महंगाई दर

### रूस से आयात करने पर हो रहा विचार



2022 के बाद अपने हाई 11.51 फीसदी पर जा पहुंची है. खाद्य महंगाई में उछाल की वजहों में साग-सब्जियों के अलावा गेहूं का भी योगदान रहा है. पिछले दो महीने में थोक बाजार में गेहूं की कीमतें 10 फीसदी बढ़ी है और सात महीने के हाई पर जा पहुंची है. सूत्रों के हवाले से रॉयटर्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि केंद्र सरकार रूस से गेहूं का आयात प्राइवेज ट्रेड और दोनों सरकारों की आपसी डील के जरिए करने की संभावनाओं को टटोल रही है. भारत सरकार ने कई वर्षों से गेहूं का आयात नहीं किया है. 2017 में प्राइवेट ट्रेडर्स के जरिए 5.3 मीट्रिक टन गेहूं का इंपोर्ट किया गया था.

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार सचेत** – इस वर्ष के आखिर में कई बड़े राज्यों में विधानसभा होने हैं तो अगले वर्ष अप्रैल 2024 में लोकसभा चुनाव है. चुनावी वर्ष होने के चलते सरकार गेहूं की कीमतों में उछाल का जोखिम नहीं ले सकती है. क्योंकि इससे थाली की रोटी महंगी हो सकती है. इसलिए गेहूं आयात करने को लेकर चर्चा की जा रही है हालांकि अभी तक इसपर कोई फैसला नहीं हुआ है. पिछले महीने खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने रूस से गेहूं इंपोर्ट करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया था.

**डिस्काउंट पर गेहूं खरीदने की योजना** – भारत रूस से 8 से 9 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं इंपोर्ट कर सकती है जिससे घरेलू मार्केट में त्योहारी सीजन से लेकर चुनावों के दौरान घरेलू मार्केट में गेहूं की कीमतों को कम रखने में मदद मिल सके. रूस ने डिस्काउंट पर गेहूं सप्लाई करने का ऑफर दिया है. रूस पर आर्थिक प्रतिबंध होने के बावजूद रूस से खाद्य वस्तुओं के एक्सपोर्ट पर कोई रोक नहीं है.

## सेब भी होगा महंगाई से लाल, हिमाचल की बारिश ने बढ़ाई चिंता

***नई दिल्ली।** टमाटर के बाद अब सेब की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है। दरअसल, हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की वजह से राज्य में सेब के बागान प्रभावित हुए हैं।*



वहीं, सेब के सप्लाई चेन पर भी असर पड़ा है। ऐसे में दिल्ली के थोक बाजारों में सेब की आपूर्ति प्रभावित हुई है। त्योहारी सीजन से ठीक पहले सेब की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका ने आम लोगों की टेंशन बढ़ा दी है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, ओखला सब्जी मंडी के एक दुकानदार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में बारिश, बाजारों के लिए हमेशा बुरी खबर होती है। यह राज्य दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के थोक बाजारों में प्लम, सेब और खुबानी के सबसे बड़े सप्लायर में से एक है। दुकानदार ने कहा-आमतौर पर सेब की एक पेटी की कीमत लगभग 1000 होती है, लेकिन अब बारिश के कारण इसकी कीमत ?2000-?3500 हो गई है। इसके अलावा, राजमार्गों की खराब स्थिति के कारण, किसान फलों को एक ही ट्रक में पैक कर रहे हैं, जिससे वे जल्दी सड़ जाते हैं। आजादपुर मंडी में एक फल की दुकान के मालिक मोहम्मद इमरान ने कहा कि सेब की मौजूदा आपूर्ति खत्म हो गई है। भूस्खलन के कारण ताजा सप्लाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा, हमने हिमाचल के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित कर दिया है। उन्होंने भी डिलीवरी करने की कोशिश की थी लेकिन उन्हें बीच में ही लौटना पड़ा क्योंकि फल सड़ गए थे।

**भारी बारिश से जूझ रहा प्रदेश** – हिमाचल प्रदेश में इस साल मानसून के 54 दिनों में 742 मिलीमीट बारिश हो चुकी है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरिंदर पॉल ने कहा कि इस जुलाई में राज्य में दर्ज की गई बारिश ने पिछले 50 वर्षों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। आपदा प्रबंधन के प्रमुख सचिव ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि 13-15 अगस्त तक लगातार बारिश ने कुल 71 लोगों की जान ले ली है।

## जीएसटीएन ने शुरू की नए प्रबंधित सेवा प्रदाता की तलाश

**नयी दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने जीएसटी को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करने के लिए नए प्रबंधित सेवा प्रदाता (एमएसपी) की तलाश शुरू कर दी है। इंफोसिस का प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान करने का अनुबंध सितंबर 2024 में समाप्त होने वाला है। परामर्श कंपनी को प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया और जीएसटीएन की आईटी सेवा का किसी अन्य प्रौद्योगिकी कंपनी में निर्बाध स्थानांतरण सुनिश्चित करना होगा। ऐसी कंपनी जो एक अक्टूबर 2024 से शुरू होने वाले अगले सात वर्षों तक जीएसटी प्रणालियों के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर प्रदान करेगी। भारत में जीएसटी एक जुलाई 2017 को लागू किया गया था। इसे लागू करने से पहले सितंबर 2015 में इंफोसिस को जीएसटी नेटवर्क के लिए प्रौद्योगिकी का निर्माण करने का काम सौंपा गया था। जीएसटीएन ने एक बयान में कहा, जीएसटी प्रणाली के विकास, संवर्द्धन व संचालन के लिए वर्तमान प्रबंधित सेवा प्रदाता (एमएसपी) के अनुबंध की अवधि पूरी होने वाली है। जीएसटीएन एक अक्टूबर 2024 से शुरू होने वाले सात वर्षों के अगले कार्यकाल के दौरान जीएसटी प्रणाली के संचालन के लिए एमएसपी नियुक्त करने के वास्ते बोली लेना चाहता है। बोली दाखिल करने की अंतिम तारीख पांच सितंबर है। इंफोसिस को इस संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए ईमेल भेजा गया, लेकिन खबर लिखने तक उसका कोई जवाब नहीं मिला।

## इंश्योरेंस पॉलिसी में आया नया नियम, 5 लाख की रकम नहीं होगी टेक्स फ्री



***नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने जीवन बीमा पॉलिसी को लेकर नया नियम जारी किया है। यह नियम उन लोगों के लिए है जिन्होंने जीवन बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर 5 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया है। सीबीडीटी ने आयकर संशोधन नियम 2023 में बदलाव करते हुए एक अधिसूचना जारी की है। नियम के मुताबिक, अब बीमा पॉलिसी में 5 लाख से ज्यादा की रकम टैक्स फ्री नहीं होगी। वहीं, अगर किसी ने 1 अप्रैल या उसके बाद ऐसी पॉलिसी ली है तो उस पर भी यह नियम लागू होता है।*

**यह परिवर्तन हुआ** – आयकर द्वारा किए गए बदलावों के अनुसार, 1 अप्रैल, 2023 को या उसके बाद जारी की गई पॉलिसियों पर धारा 10(10डी) के तहत परिपक्वता लाभ पर कर छूट केवल तभी दी जाएगी, जब किसी व्यक्ति द्वारा भुगतान किया गया कुल प्रीमियम 5 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक हो। . अगर यह 5 लाख रुपये से ज्यादा है तो इस पर टैक्स लगेगा.

**आय पर कर लगेगा** – इसके अलावा पांच लाख से अधिक के प्रीमियम के भुगतान की गणना आय से की जाएगी और नियमानुसार टैक्स लगाया जाएगा. केंद्रीय बजट 2023-24 में यूलिप को छोड़कर जीवन बीमा पॉलिसियों के संबंध में कर प्रावधान में बदलाव की घोषणा की गई थी।

**मृत्यु पर परिपक्वता राशि पर कोई कर नहीं** – विशेषज्ञों के मुताबिक पांच लाख रुपये से अधिक के प्रीमियम पर चुकाई गई रकम से होने वाली आय की गणना के बाद टैक्स लगाया जाएगा. इस टैक्स की गणना परिपक्वता पर की जाएगी और फिर पूरी राशि का भुगतान किया जाएगा। वहीं, आयकर विभाग ने कहा है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु पर प्राप्त प्रीमियम की राशि पर टैक्स नहीं लगाया जाएगा।

## शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर विराम

### सेंसेक्स 388 अंक लुढ़का, निवेशकों के 58,000 करोड़ डूबे

***मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स लगभग 388 अंक के नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक में बिकवाली से बाजार नीचे आया।*



तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 388.40 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,151.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 493.32 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,365.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में आईटीसी सबसे ज्यादा 2.04 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और भारती एयरटेल शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को नुकसान में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 722.76 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 137.50 अंक और निफ्टी 30.45 अंक लाभ में रहा था।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन गुरुवार 17 अगस्त को घटकर 303.90 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो 16 अगस्त को 304.48 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 58 हजार करोड़ रुपये घटा है.

## भारतीय बाजार में एफआईआई के अधिक पैसा डालने की संभावना कम

**नई दिल्ली।** डॉलर इंडेक्स 103.5 पर और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.27 प्रतिशत पर होने के कारण, एफआईआई द्वारा जून और जुलाई की तरह भारतीय बाजार में अधिक पैसा डालने की संभावना नहीं है। सूचकांक को देखने के बजाय, निवेशक पूंजीगत सामान, ऑटोमोबाइल और निर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जहां प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने कहा, उच्च गुणवत्ता वाले बैंकिंग स्टॉक गिरावट पर खरीदारी के अवसर पेश करते हैं। बाजारों के लिए वैश्विक संकेत लगातार कमजोर बने हुए हैं। वैश्विक शेयर बाजारों पर अब दो नकारात्मक प्रभाव पड़ रहे हैं - एक, यूएस फेड मिनट्स से संकेत मिलता है कि इंफ्लेशन को कंट्रोल करने के लिए एक और रेट हाइक हो सकती है। उन्होंने कहा, कि दूसरी बात ये कि चीनी मैक्रो डेटा से संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और इसका वैश्विक आर्थिक विकास पर असर पड़ेगा। इस परिदृश्य में भारतीय बाज़ार के निरंतर आधार पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और दुनिया से अलग होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि, तेज सुधार की संभावना नहीं दिखती।

## सोना -चांदी की कीमतों में गिरावट

***नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 300 रुपये की गिरावट के साथ 59,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।*



इस दौरान चांदी भी 300 रुपये टूटकर 72,800 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का हाजिर भाव 300 रुपये की गिरावट के साथ 59,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

**वैश्विक बाजार में भी सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट** – वैश्विक बाजार में सोना और चांदी दोनों गिरावट के साथ क्रमशः 1,895.5 डॉलर प्रति औंस और 22.65 डॉलर प्रति औंस पर चल रहे थे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस शोध) नवनीत दमानी ने कहा, फेडरल रिजर्व की ओर से मौद्रिक नीति में सख्ती जारी रखने की उम्मीदों को बल मिलने के बाद अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी प्रतिफल में तेजी आने से सोने की कीमत पांच महीने के निचले स्तर के आसपास बनी रही।

## आर्थिक रूप से कमजोर 2000 से अधिक छात्राओं को इन्फोसिस का तोहफा

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस की परमार्थ इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन वंचित तबके की छात्राओं के लिए एसटीईएम छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू करने को 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान करेगी।

इस कार्यक्रम के पहले चरण में देश की आर्थिक रूप से कमजोर 2,000 से अधिक छात्राओं (जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित (एसटीईएम) में से किसी एक विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती हैं) को चार वर्ष तक के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। इन्फोसिस फाउंडेशन के न्यासी सुमित विरमानी ने कहा कि भारत में गरीबी कई युवाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित करती है और लड़कियां अक्सर इससे सबसे अधिक प्रभावित होती हैं।

## 1470 में उड़ान भरने का मौका, एयर इंडिया ने शुरू की 96 घंटे की स्पेशल सेल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट नेटवर्क पर 96 घंटे की एक स्पेशल सेल की शुरुआत की है। इस स्पेशल सेल के तहत यात्री घरेलू मार्ग पर 1470 रुपये की शुरुआती कीमत पर फ्लाइट टिकट खरीद सकेंगे। यह फ्लाइट टिकट इकोनॉमी क्लास के लिए है। वहीं, बिजनेस क्लास के लिए टिकट 10,130 रुपये में उपलब्ध होगा। इसी तरह, सेल के तहत चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए भी यात्री सस्ती दर पर टिकट ले सकेंगे।



**इस तारीख तक कर सकेंगे यात्रा** – सेल के तहत चुनिंदा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 01 सितंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 के बीच यात्रा कर सकेंगे। यह सेल 20 अगस्त 2023 को 2359 बजे समाप्त हो जाएगी। एयर इंडिया की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग पर सर्विस चार्ज नहीं देना होगा। एयर इंडिया की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के अलावा अधिकृत ट्रैवल एजेंट, ऑनलाइन ट्रैवल एजेंटों (ओटीए) के माध्यम से भी टिकट बुक करा सकते हैं। सेल के तहत सीटें सीमित हैं और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं।सेल के तहत चुनिंदा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 01 सितंबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 के बीच यात्रा कर सकेंगे। यह सेल 20 अगस्त 2023 को 23:59 बजे समाप्त हो जाएगी।

## बढ़ गई गो फर्स्ट की मुश्किलें, दो हफ्तों में 150 से अधिक कर्मचारियों ने दिया इस्तीफा

***नई दिल्ली।** आर्थिक परेशानियों से जूझ रही एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है. एक तरफ कंपनी लंबे वक्त से अपने फ्लाइट्स के संचालन को शुरू करने की कोशिश कर रही है.वहीं अब दूसरी तरफ इसे एक और परेशानी से जूझना पड़ रहा है.*




लंबे वक्त से सैलरी न मिलने के कारण 150 से अधिक गो फर्स्ट के कर्मचारियों ने पिछले दो हफ्तों में इस्तीफा दे दिया है. मनी कंट्रोल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के कर्मचारियों को पिछले 3 महीने से सैलरी नहीं मिली है. ऐसे में वे अब दूसरी कंपनियों में नौकरी ढूंढ रहे हैं.

**नहीं मिली सैलरी** – मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि बोनस और सैलरी के वादे के बाद भी गो फर्स्ट ने मई, जून और जुलाई की सैलरी अभी तक कर्मचारियों को नहीं दी है. इसके बाद 150 कर्मचारियों जिसमें 30 पायलट, 50 केबिन क्रू मेंबर और 50 ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ ने कंपनी को अपना इस्तीफा पिछले दो हफ्तों में सौंप दिया है.

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कर्मचारियों ने उठाया कदम** – गौरतलब है कि इस मामले पर मनी कंट्रोल से बात करते हुए कंपनी के एक सीनियर एग्जीक्यूटिव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 7 अगस्त के फैसले के बाद से ही कंपनी के कर्मचारियों के बीच निराशा है. ध्यान देने वाली बात ये है सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले के खिलाफ सुनवाई करने से मना कर दिया था जिसमें फ्लाइट्स के सप्लायर को विमान की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं इससे पहले गो फर्स्ट के सीईओ कौशिक खोना ने कहा था कि कंपनी 10 अगस्त 2023 तक सभी कर्मचारियों को वेतन दे देगी. ऐसे में अगर इस समय सीमा तक अगर एंप्लाइज को पैसे नहीं मिलते हैं तो आने वाले वक्त में कंपनी में और इस्तीफे की खबरें आ सकती है.

**18 अगस्त तक सभी उड़ानें रद्द** – 3 मई को शुरू हुए गो फर्स्ट संकट खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है. कंपनी ने एक बार फिर बुधवार को जानकारी दी कि उसने अपने सभी फ्लाइट्स को 18 अगस्त, 2023 तक के लिए कैंसिल कर दिया है. वहीं 1 जुलाई 2023 को डीजीसीए ने गो फर्स्ट को शर्तों के साथ उड़ान भरने की इजाजत दी थी. डीजीसीए ने यह परमिशन अंतरिम फंड की उपलब्धता और फ्लाइट शेड्यूल के अप्रूवल के बाद ही दी थी.


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60300 चांदी टंच- 71300
चांदी रिफाइन -71700

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60300 चांदी टंच- 71300
चांदी रिफाइन -71700


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 81. 14 |
| एक यूरो | 90. 69 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106. 17 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 45 |
| एक जापानी येन | 00. 57 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

